प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक
# मॉर्निंग सिटी
सच के साथ...

वर्ष - 11, अंक - 09, 10 मई से 16 मई, 2026 | मूल्य- 10 रुपये | पृष्ठ 8 | WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म
मॉर्निंग सिटी





## शुभेंदु बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री, बांग्ला में ली शपथ

# मोदी राज में भाजपा का स्वर्णिम युग पश्चिम बंगाल में शुभेंदु को कमान

*पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत के साथ ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार के 15 साल लंबे शासन का अंत हो गया। बंगाल में शनिवार को भाजपा ने शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में नई सरकार का गठन किया। इसके साथ ही 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद बंगाल 9वां राज्य बन गया है, जहां भाजपा ने पहली बार मुख्यमंत्री पद हासिल किया है।*

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

शुभेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बन गए। शुभेंदु ने बांग्ला में ईश्वर के नाम की शपथ ली। शपथ के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री को झुककर प्रणाम किया। शुभेंदु के साथ 5 और विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू और निषिथ प्रमाणिक शामिल रहे। स्वतंत्रता के बाद पहली बार ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड ग्राउंड भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण का गवाह बना। शपथग्रहण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्री विशाल मंच पर मौजूद थे।

**दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक कीर्तनिया, क्षुदीराम टूडू, निषिथ प्रमाणिक बने मंत्री**

## मुख्यमंत्री के साथ ही पांच मंत्रियों ने ली शपथ, पीएम रहे मौजूद

### समारोह स्थल पर लहराया भगवा

शनिवार को यही मैदान स्वतंत्रता के बाद पश्चिम बंगाल की पहली भाजपा सरकार के शपथग्रहण का स्थल बना। भाजपा खेमे ने इसे 'डबल इंजन' सरकार के तहत 'सोनार बांग्ला' की शुरुआत के रूप में पेश किया। भगवा गमछा पहने और पार्टी के झंडे लिए हजारों कार्यकर्ता सुबह से ही कार्यक्रम स्थल पर जुटने लगे। बड़े एलईडी स्क्रीन पर मोदी और अधिकारी के चुनावी भाषण दिखाए गए। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के साथ ही मैदान क्षेत्र में 'भारत माता की जय' के नारे गूंज उठे।



### शपथ के बाद टैगोर के पैतृक आवास गए शुभेंदु

पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी शपथग्रहण समारोह के तुरंत बाद नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर के पैतृक आवास जोरासांको ठाकुरबाड़ी पहुंचे और उन्होंने औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभालने से पहले महान कवि को पुष्पांजलि अर्पित की।

### बंगाल की राजनीति में एक ऐतिहासिक अध्याय : साय

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुभेंदु अधिकारी के पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने को राज्य की राजनीति में एक ऐतिहासिक अध्याय करार देते हुए शनिवार को कहा कि 'डबल इंजन' सरकार के तहत पश्चिम बंगाल विकास की नयी ऊंचाइयों को छुएगा।



उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में बदलाव की लोगों की लंबे समय से प्रतीक्षित इच्छा अब पूरी हो गई है। साय कोलकाता में आयोजित शुभेंदु अधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए और बाद में उनसे मुलाकात भी की। साय ने शुभेंदु और पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल में शामिल सभी नए मंत्रियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### मोदी ने माखनलाल सरकार के पैर छुए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की पहली सरकार के शपथग्रहण समारोह में पार्टी के 98 वर्षीय वरिष्ठ नेता माखनलाल सरकार के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। भाजपा ने कहा कि सरकार को 1952 में कश्मीर में उस समय गिरफ्तार किया गया था, जब वह वहां भारतीय तिरंगा फहराने के आंदोलन के दौरान जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ थे। पार्टी ने एक बयान में कहा, सरकार, स्वतंत्रता के बाद भारत में राष्ट्रवादी आंदोलन से जुड़े शुरुआती जमीनी कार्यकर्ताओं में से एक हैं।



### योगी ने शुभेंदु को भगवा पहनाया

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले शुभेंदु अधिकारी को बधाई दी और उन्हें भगवा अंगवस्त्र पहनाया। आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले शुभेंदु अधिकारी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं भी दीं। एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने अधिकारी को मंच पर भगवा अंगवस्त्र भी पहनाया।



## भारत का रक्षा कवच हुआ और मजबूत, अग्नि मिसाइल के आधुनिक वेरिएंट का हुआ सफल परीक्षण



नई दिल्ली

भारत ने अपनी रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में एक और बहुत बड़ी, ऐतिहासिक और शानदार कामयाबी हासिल कर ली है। देश की ताकत और आत्मनिर्भरता को आसमान की नई ऊंचाइयों तक ले जाते हुए, भारत ने अपनी उन्नत अग्नि मिसाइल के एक बेहद खास और आधुनिक रूप का सफल उड़ान परीक्षण किया है। यह कोई साधारण मिसाइल नहीं है, बल्कि यह मिसाइल एमआईआरवी यानी मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टार्गेटेड री-एंट्री व्हीकल नाम की एक बेहद जटिल और मारक तकनीक से पूरी तरह लैस है। यह परीक्षण अपने सभी पैमानों पर पूरी तरह से सफल रहा है और इसने तय किए गए सभी कठिन लक्ष्यों को आसानी से पार कर लिया है। इस बड़ी और अहम कामयाबी से यह पूरी तरह साबित हो गया है कि भारत की रक्षा प्रणाली और मिसाइल तकनीक अब पहले से कहीं ज्यादा मजबूत, ताकतवर और अचूक हो गई है।

यह एक ऐसी शानदार खबर है जो देश के हर एक नागरिक को सुरक्षित महसूस कराती है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, भारत ने शुक्रवार को एक बेहद ताकतवर मिसाइल को आसमान में दागा है। यह एमआईआरवी तकनीक वाली उन्नत अग्नि मिसाइल है। आसान और सीधे शब्दों में कहें तो, इस एक अकेली मिसाइल के अंदर यह अद्भुत ताकत है कि यह अपने साथ कई सारे हथियार या पेलोड एक ही समय में ले जा सकती है। जब इस मिसाइल को दागा जाता है, तो यह अपने रास्ते में आगे जाकर अलग-अलग हिस्सों में बंट जाती है और एक ही समय में कई अलग-अलग जगहों पर मौजूद निशानों पर एकदम सटीक हमला कर सकती है। इस सफल उड़ान ने यह पक्का कर दिया है कि हमारी यह तकनीक बिना किसी चूक के एक साथ कई काम कर सकती है।

इस उन्नत और खास अग्नि मिसाइल का यह उड़ान परीक्षण ओडिशा के समुद्री तट से दूर स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया है। भारत के रक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह बेहद महत्वपूर्ण और बड़ा परीक्षण 8 मई 2026, दिन शुक्रवार को किया गया। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप भारत की वह अहम जगह है जहाँ से देश अपने सबसे बड़े और मारक हथियारों की जांच करता है। ठीक यहीं से इस नई एमआईआरवी प्रणाली वाली मिसाइल को परीक्षण के लिए आसमान में छोड़ा गया। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि 8 मई 2026 को हुए इस सफल परीक्षण के बाद यह साफ हो गया है कि इस द्वीप से दागी गई इस मिसाइल ने अपनी उड़ान को पूरी तरह से तय किए गए रास्ते पर बिना भटके पूरा किया।

## गर्मी की छुट्टियों में शिक्षकों के बाहर जाने पर रोक, आदेश हुआ जारी; पालन न करने पर होगी कार्रवाई

ग्रेटर नोएडा



माध्यमिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को गर्मी की छुट्टियों में जनपद में रहने का आदेश जारी किया गया है। गर्मी की छुट्टी में कई बड़ी परीक्षाएं जनपद में होनी हैं। जिले में लेखपाल, आईएएस, बीएड, आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा, राजकीय इंटर कॉलेज में प्रवक्ता भर्ती परीक्षा और यूपीटेट की प्रवेश परीक्षा परीक्षाएं करानी जानी है। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षाओं के दौरान जिले के बाहर बिना अनुमति के कोई भी शिक्षक नहीं जा सकेगा। उन्होंने बताया कि जिले में लेखपाल भर्ती की प्रवेश परीक्षाएं एक पाली में 21 मई को कराई जाएंगी। आईएएस प्रवेश परीक्षा 24 मई को दो पाली में होंगी। बीएड प्रवेश परीक्षा 31 मई को दो पाली में कराई जानी है। आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की प्रवेश भर्ती परीक्षा आठ, नौ और 10 जून को प्रतिदिन दो पालियों में कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज में प्रवेश प्रवक्ता की परीक्षा 14 जून को एक पाली में होगी। वहीं यूपीटेट की प्रवेश परीक्षा दो, तीन और चार जुलाई को प्रतिदिन दो पाली में कराई जाएंगी। यदि कहीं किसी आवश्यक काम के चलते जिले के बाहर जाना होगा, तो उसे विभाग को लिखित में जानकारी देने के साथ ही अनुमति लेना आवश्यक होगा। आदेश जारी किए जाने के बाद भी यदि कोई जिले से बाहर बिना अनुमति के जाता है, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत की नई तैयारी: अगले हफ्ते पाकिस्तान में सकती है बैठक

वॉशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से चल रही खींचतान अब खत्म होने की दिशा में बढ़ती दिख रही है। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों देश अगले हफ्ते पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में फिर से मेज पर बैठ सकते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिकी प्रशासन इस कोशिश में है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को हमेशा के लिए शांत किया जाए। इस बातचीत का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा रास्ता निकालना है जिससे दोनों देशों के बीच युद्ध जैसी स्थिति खत्म हो सके और वैश्विक स्तर पर शांति बहाली हो सके। वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पक्ष मध्यस्थों के जरिए एक पन्ने के 14-सूत्रीय सहमति पत्र पर काम कर रहे हैं। इस दस्तावेज का मकसद एक महीने तक चलने वाली बातचीत की प्रक्रिया के लिए एक ढांचा तैयार करना है। अगर अगले हफ्ते इस्लामाबाद में यह बैठक होती है, तो यह तनाव कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। इस समझौते के जरिए कोशिश की जा



रही है कि एक महीने के भीतर किसी ठोस नतीजे पर पहुंचा जाए। यदि बातचीत सही दिशा में आगे बढ़ती है, तो आपसी सहमति से इस समयसीमा को और आगे भी बढ़ाया जा सकता है। इस प्रस्तावित मसौदे में कई अहम और कड़े मुद्दे शामिल किए गए हैं। इसमें सबसे प्रमुख ईरान का परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव को कम करना है। रिपोर्ट बताती है कि ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम के भंडार को किसी दूसरे देश में भेजने पर भी विचार हो रहा है। हालांकि, राह इतनी आसान नहीं है।

सबसे बड़ी अड़चन तेहरान पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने को लेकर फंसी हुई है। ईरान चाहता है कि उसे आर्थिक पाबंदियों से राहत मिले, लेकिन अमेरिका इस पर फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। यही वजह है कि बातचीत की प्रगति में देरी हो सकती है। मौजूदा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को संकेत दिए कि उन्हें ईरान की ओर से जवाब का इंतजार है। वर्जीनिया में अपने गोल्फ कोर्स जाने से पहले उन्होंने पत्रकारों से कहा कि शायद आज रात तक ईरान का जवाब मिल जाए। जब उनसे पूछा गया कि क्या ईरान जानबूझकर देरी कर रहा है, तो उन्होंने कहा कि यह जल्द ही पता चल जाएगा। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जो फिलहाल इटली के दौरे पर हैं, ने उम्मीद जताई कि ईरान की ओर से एक "गंभीर प्रस्ताव" आएगा। रुबियो का मानना है कि ईरान के भीतर की राजनीतिक अस्थिरता और वहां का खराब सिस्टम बातचीत में देरी का एक बड़ा कारण हो सकता है।


पश्चिम एशिया में तनाव तब और बढ़ गया था जब 28 फरवरी को अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमले किए थे, जिसके जवाब में ईरान ने भी पलटवार किया था।

## यूपी में कल शाम 3 :30 बजे होगा मंत्रिमंडल विस्तार, राज्यपाल से मुख्यमंत्री योगी ने की मुलाकात

लखनऊ

योगी सरकार के कैबिनेट के विस्तार को लेकर लंबे समय से चल रही अटकलों पर अब विराम लग गया है। सरकार का दूसरा कैबिनेट विस्तार रविवार को होगा।


कैबिनेट में रिक्त छह पदों पर ही नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। फिलहाल जिन लोगों के नाम की चर्चा है, उनमें भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के अलावा सपा के बागी विधायक व पूर्व मंत्री मनोज पांडेय और पूजा पाल, अलीगढ़ के खैर से विधायक सुरेंद्र दिलेर, कृष्णा पासवान के नाम तय माने जा रहे हैं। इनमें कुछ लोगों ने तीन बजे जनभवन पहुंचने की पुष्टि भी की है। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को जनभवन में राज्यपाल से आनंदी बेन पटेल से मुलाकात की। तमाम अटकलों के विपरीत मंत्रिमंडल विस्तार में फिलहाल रिक्त छह पदों पर नए मंत्रियों की नियुक्ति करने का फैसला किया गया है। 2027 में यूपी में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले होने वाले इस विस्तार में जातीय समीकरण को साधने के लिहाज से नाम तय किए गए हैं जिसमें ब्राह्माणों की नाराजगी दूर करने के लिए सपा में कद्दावर ब्राह्मण चेहरा रहे मनोज पांडेय का नाम तय किया गया है। वहीं, पिछड़े समाज और पश्चिमी यूपी के समीकरण को साधने के लिहाज से जाट समाज के पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी जैसे बड़े चेहरे को का भी मंत्री बनना तय है। इसके अलावा सपा की ही बागी विधायक पूजा पाल और भाजपा की वरिष्ठ विधायक कृष्णा पासवान को मंत्री बनाकर भाजपा ओबीसी और दलित के साथ ही महिला समीकरण को भी दुरुस्त करना चाहती है। हालांकि, सरकार और संगठन की ओर से इन नामों की कोई अधिकृत तौर पर जानकारी नहीं दी गई है। वहीं, सूत्रों के मुताबिक इनमें से कई लोगों को फोन से सूचना दी गई है कि वह रविवार को 3 बजे तक जनभवन पहुंच जाएं। संवैधानिक व्यवस्था में योगी कैबिनेट में कुछ 60 विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है। मौजूदा समय में सीएम समेत कुल 54 मंत्री हैं। ऐसे में छह पद रिक्त है। सूत्रों को मुताबिक सरकार और संगठन के बीच आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए फिलहाल रिक्त पदों को भरने के लिए छह लोगों को ही मंत्री बनाने का फैसला किया गया है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि शपथ दिलाने के बाद कुछ मंत्रियों के विभागों में फेरबदल किया जाएगा।



## सम्पादकीय

# दिल्ली में अपराधियों का बढ़ता दुस्साहस, क्या कमजोर पड़ रही कानून-व्यवस्था

देश की राजधानी होने के नाते यह उम्मीद की जाती है कि दिल्ली में कानून-व्यवस्था अन्य जगहों के मुकाबले ज्यादा चाक-चौबंद होगी और यहां अपराध को ज्यादा सक्षम तरीके से काबू में किया जाएगा। मगर समय-समय पर आने वाले अपराध के आंकड़ों में यही विडंबना सामने आती है कि दिल्ली में अपराधियों का दुस्साहस उफान पर है और उन पर पूरी तरह लगाम लगा पाना पुलिस-प्रशासन के लिए संभव नहीं हो सका है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि दर्ज हुए आपराधिक मामलों के संदर्भ में देश के अन्य महानगरों की तुलना में दिल्ली की दशा ज्यादा खराब है। सवाल है कि हर स्तर पर कानून-व्यवस्था के पुख्ता होने के दावों के बावजूद स्थिति ऐसी क्यों है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी की भारत में अपराध 2024 रिपोर्ट में यह उजागर हुआ है कि देश के उन्नीस महानगरों की तुलना में दिल्ली में सबसे ज्यादा संज्ञेय अपराधों के मामले दर्ज किए गए हैं। हालांकि पिछले दो वर्ष में अपराधों में गिरावट देखी गई है, इसके बावजूद


सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

एनसीआरबी के आंकड़े यही बताते हैं कि अपराध और अपराधियों पर काबू पाने में यहां की पुलिस को अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पा रही है। आंकड़ों के मुताबिक, देश के उन्नीस महानगरों में कुल पांच लाख तिरानबे हजार छियानबे मामले दर्ज हुए, जिनमें अकेले दिल्ली की भागीदारी छियालीस फीसद से ज्यादा रही। कहा जा सकता है कि देश के कुल महानगरों में जितने अपराध होते हैं, उनमें से हर दूसरा दिल्ली में दर्ज हुआ। हालांकि एनसीआरबी की मानें तो एक पहलू यह है कि जिन राज्यों में ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराने की सुविधा है, वहां लोग जघन्य से लेकर छोटे-बड़े सभी अपराधों की शिकायतें आसानी से दर्ज करा सकते हैं। जिन राज्यों में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां अपराध के आंकड़े तुलनात्मक रूप से कम दर्ज हो सकते हैं। यानी यह स्वीकार किया जा रहा है कि देश के कई हिस्सों में आज भी सुविधा न होने या फिर प्रक्रिया की जटिलता की वजह से बहुत सारे लोग पुलिस के पास अपनी शिकायत दर्ज नहीं कर पाते। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपराध के कितने पीड़ित इंसाफ का इंतजार करते रह जाते होंगे। इस लिहाज से देखें तो निश्चित तौर पर दिल्ली में एक तंत्र के काम करने के ढांचे में बेहतरी लाई गई है। मगर सवाल है कि अपराधों की रोकथाम के लिए सरकार और संबंधित महकमे क्या करते हैं। इसके अलावा, वक्त के साथ एक नई जटिलता यह पैदा हुई है कि रोजमर्रा की गतिविधियों के संदर्भ में जैसे-जैसे लोगों की निर्भरता डिजिटल माध्यमों पर बढ़ रही है, अब अपराधियों की नजर उधर भी खिसक रही है। मसलन, खुद एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि साइबर अपराधियों के गिरोह अब डिजिटल संसार में अपनी दखल बढ़ा रहे हैं। साइबर अपराधों में करीब अठारह फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसमें ऑनलाइन ठगी, डिजिटल अरेस्ट और भयादोहन जैसे मामले सबसे ज्यादा देखे जा रहे हैं। यह हाल के वर्षों में उपजी नई चुनौती है, जिससे निपटना बेहद जरूरी है। महानगरों में सुविधाओं से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक सब कुछ अन्य शहरों के मुकाबले ज्यादा बेहतर और दुरुस्त होने की उम्मीद की जाती है। उसमें भी अगर अपराध के मामले में दिल्ली कई महानगरों को पीछे छोड़ रही है, तो यह सोचने का वक्त है कि आखिर यहां सरकार, पुलिस और खुफिया तंत्र तथा अन्य एजेंसियों के बीच किस स्तर पर तालमेल और सक्रियता में कमी है, जिसमें तत्काल सुधार की जरूरत है।

# पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन है वैचारिक बदलाव का संकेत

ललित गर्ग

**पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल की राजनीति में बंगाली अस्मिता और हिंदू पहचान के बीच एक वैचारिक द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा था। तृणमूल कांग्रेस ने स्वयं को बंगाल की संस्कृति और क्षेत्रीय गौरव का संरक्षक बताया, जबकि भाजपा ने राष्ट्रीयता, हिंदुत्व और सांस्कृतिक चेतना को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया। वास्तव में बंगाल की ऐतिहासिक चेतना कभी संकुचित नहीं रही। यह वही भूमि है जहाँ से स्वामी विवेकानंद, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, रवींद्रनाथ ठाकुर और नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे महापुरुषों ने भारतीय राष्ट्रवाद को नई दिशा दी। वंदे मातरम्ह्व का उद्घोष भी इसी भूमि से निकला। इसलिए जब बंगाल में राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक अस्मिता की चर्चा होती है, तो वह केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं रह जाता, बल्कि भावनात्मक और ऐतिहासिक संदर्भ भी ग्रहण कर लेता है। भाजपा ने इसी ऐतिहासिक चेतना को पुनः जागृत करने का प्रयास किया। दुगार्पूजा, रामनवमी, हनुमान जयंती और हिंदू धार्मिक प्रतीकों को लेकर जिस प्रकार की राजनीतिक बहसें पिछले वर्षों में सामने आईं, उन्होंने हिंदू समाज के एक बड़े वर्ग को यह महसूस कराया कि उसकी सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां राजनीतिक विवाद का विषय बन रही हैं। परिणामस्वरूप एक बड़ा वर्ग अपनी पहचान के प्रश्न पर अधिक मुखर हुआ। पश्चिम बंगाल की राजनीति लंबे समय से अल्पसंख्यक वोट बैंक के इर्द-गिर्द घूमती रही है। विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा कि ममता बनर्जी सरकार ने संतुलित शासन के बजाय तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया। चाहे इमाम भत्ता का मुद्दा हो, धार्मिक आयोजनों को लेकर प्रशासनिक निर्णय हों या सीमावर्ती जिलों में बदलता जनसांख्यिकीय संतुलन-इन सभी विषयों ने धीरे-धीरे हिंदू समाज के भीतर असंतोष को जन्म दिया।**



पश्चिम बंगाल के हालिया विधानसभा चुनाव परिणामों को केवल एक राजनीतिक दल की जीत या हार के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। यह परिणाम उस वैचारिक संघर्ष का प्रतीक बनकर उभरे हैं, जो लंबे समय से बंगाल की राजनीति के भीतर सुलग रहा था। वर्षों तक बंगाल को एक ऐसे राज्य के रूप में प्रस्तुत किया गया, जहां कथित रूप से जाति, धर्म और पहचान की राजनीति नहीं चलती, बल्कि विचारधारा, वर्ग-संघर्ष और बंगालियत की राजनीति प्रभावी रहती है। किंतु 2026 के चुनाव परिणामों ने इस स्थापित धारणा को गहराई से चुनौती दी है। यह चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि सामाजिक मनोविज्ञान में आए परिवर्तन का भी संकेत है। मतदाता अब केवल भावनात्मक नारों या वैचारिक रोमांटिसिज्म के आधार पर मतदान नहीं कर रहा, बल्कि वह अपनी सांस्कृतिक पहचान, सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और भविष्य को भी ध्यान में रख रहा है। यही कारण है कि पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की अभूतपूर्व सफलता को अनेक विश्लेषक एक प्रकार के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के रूप में देख रहे हैं।

पिछले कुछ वर्षों में पश्चिम बंगाल की राजनीति में बंगाली अस्मिता और हिंदू पहचान के बीच एक वैचारिक द्वंद्व स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा था। तृणमूल कांग्रेस ने स्वयं को बंगाल की संस्कृति और क्षेत्रीय गौरव का संरक्षक बताया, जबकि भाजपा ने राष्ट्रीयता, हिंदुत्व और सांस्कृतिक चेतना को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया। वास्तव में बंगाल की ऐतिहासिक चेतना कभी संकुचित नहीं रही। यह वही भूमि है जहाँ से स्वामी विवेकानंद, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, रवींद्रनाथ ठाकुर और नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे महापुरुषों ने भारतीय राष्ट्रवाद को नई दिशा दी। वंदे मातरम्ह्व का उद्घोष भी इसी भूमि से निकला। इसलिए जब बंगाल में राष्ट्रीयता और सांस्कृतिक अस्मिता की चर्चा होती है, तो वह केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं रह जाता, बल्कि भावनात्मक और ऐतिहासिक संदर्भ भी ग्रहण कर लेता है। भाजपा ने इसी ऐतिहासिक चेतना को पुनः जागृत करने का प्रयास किया। दुगार्पूजा, रामनवमी, हनुमान जयंती और हिंदू धार्मिक प्रतीकों को लेकर जिस प्रकार की राजनीतिक बहसें पिछले वर्षों में सामने आईं, उन्होंने हिंदू समाज के एक बड़े वर्ग को यह महसूस कराया कि उसकी सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां राजनीतिक विवाद का विषय बन रही हैं। परिणामस्वरूप एक बड़ा वर्ग अपनी पहचान के प्रश्न पर अधिक मुखर हुआ। पश्चिम बंगाल की राजनीति लंबे समय से अल्पसंख्यक वोट बैंक के इर्द-गिर्द घूमती रही है। विपक्ष लगातार यह आरोप लगाता रहा कि ममता बनर्जी सरकार ने संतुलित शासन के बजाय तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया। चाहे इमाम भत्ता का मुद्दा हो, धार्मिक आयोजनों को लेकर प्रशासनिक निर्णय हों या सीमावर्ती जिलों में बदलता जनसांख्यिकीय संतुलन-इन सभी विषयों ने धीरे-धीरे हिंदू समाज के भीतर असंतोष को जन्म दिया। यह असंतोष केवल धार्मिक नहीं था, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक भी था। अनेक लोगों को यह लगने लगा कि राज्य में कानून व्यवस्था और प्रशासनिक निर्णयों में निष्पक्षता का अभाव है। भाजपा ने इसी भावना को राजनीतिक रूप दिया। उसने यह संदेश देने का प्रयास किया कि उसकी राजनीति केवल चुनाव जीतने की नहीं, बल्कि सांस्कृतिक सुरक्षा स्थापित करने की राजनीति है। यही कारण है कि चुनाव प्रचार के दौरान जय श्रीराम जैसे नारे केवल धार्मिक उद्घोष नहीं रहे, बल्कि वे एक प्रकार के राजनीतिक प्रतिरोध और सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक बन गए।

इस चुनाव में हिंदी भाषी मतदाताओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। पिछले कुछ वर्षों में बंगाल के औद्योगिक और शहरी क्षेत्रों में हिंदी भाषी समाज का प्रभाव बढ़ा है। यह वर्ग लंबे समय से स्वयं को राजनीतिक रूप से उपेक्षित महसूस करता रहा था। भाजपा ने इस वर्ग को संगठित करने में सफलता प्राप्त की। हालांकि इस चुनाव को केवल हिंदी बनाम बंगाली के दृष्टिकोण से देखना भी उचित नहीं होगा। वस्तुतः भाजपा ने हिंदी भाषी और स्थानीय हिंदू समाज के बीच एक वैचारिक सेतु बनाने का प्रयास किया। उसने यह संदेश दिया कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर है। यही कारण है कि बंगाल के अनेक क्षेत्रों में भाजपा को व्यापक समर्थन मिला। पश्चिम बंगाल कभी वामपंथ का सबसे मजबूत गढ़ माना जाता था। वर्ग-संघर्ष, श्रमिक राजनीति और धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा यहाँ की राजनीतिक संस्कृति का हिस्सा रही। लेकिन समय के साथ यह विचारधारा जमीन से कटती चली गई। वामपंथी दल जनता की नई आकांक्षाओं, युवाओं की उम्मीदों और बदलते सामाजिक यथार्थ को समझने में असफल रहे। आज का युवा केवल वैचारिक भाषण नहीं चाहता- वह रोजगार, सुरक्षा, सांस्कृतिक सम्मान और विकास चाहता है। यही कारण है कि वामपंथ धीरे-धीरे राजनीतिक हाशिये पर पहुँच गया। भाजपा ने इस खाली स्थान को भरते हुए स्वयं को एक वैकल्पिक शक्ति के रूप में स्थापित किया।



पश्चिम बंगाल में भाजपा की सफलता को अनेक लोग डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों से भी जोड़कर देख रहे हैं। डॉ. मुखर्जी केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि भारतीय एकता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने विभाजनकारी राजनीति का विरोध किया और राष्ट्रीय एकात्मता को सर्वोपरि माना। बंगाल की राजनीति में भाजपा का उभार कहीं न कहीं उसी विचारधारा की पुनर्स्थापना के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। यह संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है कि बंगाल अब केवल क्षेत्रीय राजनीति का केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि वह पुनः राष्ट्रीय चेतना का नेतृत्व करेगा। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या इन चुनाव परिणामों को हिंदू पुनर्जागरण कहा जा सकता है? इसका उत्तर पूरी तरह सरल नहीं है, किंतु इतना स्पष्ट है कि हिंदू समाज के भीतर अपनी सांस्कृतिक पहचान को लेकर एक नई जागरूकता अवश्य उत्पन्न हुई है। यह जागरूकता केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, बल्कि राजनीतिक अभिव्यक्ति का भी रूप ले रही है। हालांकि किसी भी लोकतंत्र में यह आवश्यक है कि सांस्कृतिक चेतना सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों के साथ संतुलित रहे। यदि पहचान की राजनीति संवाद और समावेशिता के बजाय टकराव का रूप लेती है, तो वह लोकतंत्र के लिए चुनौती बन सकती है। इसलिए बंगाल के इस परिवर्तन को केवल विजय उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी और आत्ममंथन के अवसर के रूप में भी देखा जाना चाहिए।

पश्चिम बंगाल की राजनीति अब एक नए मोड़ पर खड़ी है। भाजपा की जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि बंगाल अब राजनीतिक रूप से अपवाद नहीं रहा। यहाँ भी वही प्रश्न महत्वपूर्ण हो गए हैं जो देश के अन्य हिस्सों में प्रभावी हैं-सांस्कृतिक पहचान, राष्ट्रवाद, सुरक्षा, विकास और सामाजिक संतुलन। लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ जिम्मेदारियाँ भी आती हैं। यदि भाजपा वास्तव में बंगाल में एक नए युग की शुरूआत करना चाहती है, तो उसे केवल वैचारिक नारों तक सीमित नहीं रहना होगा। उसे रोजगार, उद्योग, शिक्षा, कानून व्यवस्था और सामाजिक समरसता जैसे मुद्दों पर ठोस कार्य करना होगा। बंगाल की धरती ने हमेशा भारत को विचार, साहित्य, संस्कृति और राष्ट्रवाद की नई दिशा दी है। आज फिर इतिहास एक नए मोड़ पर खड़ा है। आने वाला समय तय करेगा कि यह परिवर्तन केवल राजनीतिक लहर साबित होगा या वास्तव में बंगाल के सांस्कृतिक और वैचारिक पुनर्जागरण का आधार बनेगा।

# विधानसभा चुनाव परिणाम : स्पष्ट जनादेश नई सरकारों की होगी कड़ी अग्निपरीक्षा

मृत्युंजय दीक्षित

तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की इतनी प्रचंड लहर चली कि मुख्यमंत्री स्टालिन अपनी सीट तक हार गए। इस लहर का आभास किसी भी राजनैतिक विश्लेषक को नही था। एक्टर थलपति विजय की विजय में मुख्य भूमिका उनके चुनावी वायदों ने की है जो अधिकांशतः मुफ्त की रेवड़ी वाले हैं। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम आ चुके हैं। नई सरकारों के गठन की प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुद्दुचेरी के ये विधानसभा चुनाव परिणाम कई स्पष्ट संकेत देने वाले हैं। बंगाल, असम, और पुद्दुचेरी ने जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले भाजपा व राजग गठबंध को दो तिहाई बहुमत के साथ चुना वहीं तमिलनाडु और केरल में भी सत्ता बदल गई। बंगाल, असम और पुद्दुचेरी में विकास, कल्याणकारी योजनाओं व हिंदुत्व का कमाल रहा। असम में कल्याणकारी योजनाओं के सहारे भाजपा जहां महिलाओं और युवाओं को साधने में सफल रही वहीं मुख्यंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ मुहिम छेड़कर नस्ल, क्षेत्र और भाषा में बनते हिंदुओं को एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई। असम और बंगाल की जनता को भाजपा यह भरोसा दिलाने में सफल रही कि केवल भाजपा ही बांग्लादेशी घुसपैठ की समस्या से मुक्ति दिला सकती है।

बंगाल और असम के बाद सबसे अधिक चर्चा तमिलनाडु को लेकर हो रही है। तमिलनाडु के चुनाव परिणामों ने सभी को हैरान कर दिया है। एक बार द्रमुक और एक बार अन्नाद्रमुक का मिथक टूट गया है। फिल्म स्टार विजय की झोली वोटों से भरी है। केरलम में पराजय के बाद देश भर से वामपंथी सरकारों का अंत हो चुका है तथापि वह अपना राजनैतिक और वैचारिक अस्तित्व बचाए रखने के लिए दो विधायकों के बल पर तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की नई सरकार मे घुस रही है। सभी राज्य विधानसभाओं में भाजपा का खाता खुल चुका है। पहली बार केरलम में भाजपा के तीन व तमिलनाडु में एक विधायक जीतने में सफल रहे हैं। तमिलनाडु में थलपति विजय की सरकार- तमिलनाडु की जनता द्रविड़ राजनीति से हताश और निराश हो चुकी थी। कभी द्रमुक और कभी अन्ना द्रमुक राज्य इनके बीच में झूलता रहता था। तमिल राजनीति में फिल्मी कलाकारों की अहम भूमिका रही है एम. जी. रामचंद्रन से लेकर करुणानिधि और जयललिता जैसे सितारों ने वहां की राजनीति में अहम भूमिका निभाई और लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे।



तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की इतनी प्रचंड लहर चली कि मुख्यमंत्री स्टालिन अपनी सीट तक हार गए। इस लहर का आभास किसी भी राजनैतिक विश्लेषक को नही था। एक्टर थलपति विजय की विजय में मुख्य भूमिका उनके चुनावी वायदों ने की है जो अधिकांशतः मुफ्त की रेवड़ी वाले हैं। विवाह के लिए महिलाओं को 22 कैरेट का आठ ग्राम सोना देने से लेकर 60 सल से कम आयु की महिलाओं को 2500 रुपए मासिक सहायता प्रति परिवार छह फ्री सिलेंडर देने का वादा काम कर गया। गरीब दुल्हनों के लिए रेशमी साड़ी और महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों के लिए पांच लाख रुपए तक के बयाज मुक्त ऋण का आश्वासन भी विजय ने दिया है। थलपति विजय ने वैसे ही कई लोक लुभावन वायदे किये है जैसे कभी आप नेता अरविंद केजरीवाल किया करते थे। यह थलपति विजय तमिलनाडु के केजरीवाल सिद्ध हो सकते हैं। ईसाई पिता ओर हिंदू मां की संतान विजय ने अपनी पार्टी की विचारधारा तैयार करने में द्रविड़ विचारधारा और तमिल राष्ट्रवाद के तत्वों को जोड़ा है। इनकी पार्टी तमिलगा वेटी कझागम की स्थापना फरवरी 2024 में हुई, जो तमिलनाडु और पुद्दुचेरी तक फैली हुई है। लोग सोच रहे हैं कि विजय की आखिर इतनी बड़ी विजय कैसे हो गईझ्र विजय लम्बे समय से कई घरों के चूल्हों के ईंधन, बेटियों की पढ़ाई ओर बहनों की शादी का खर्च लगातार उठा रहे थे। उनके वोटबैक में सबसे बड़ी हिस्सेदारी महिलाओं और युवाओं की रही है। वह अपनी फिल्मों में गरीबों के मसीहा के तौर पर पेश किए जाते थे जिसका परिणाम अब सबके सामने है। विजय की चुनावी जनसभाओं में अभूवपूर्व भीड़ उमड़ रही थी किंतु कोई राजनैतिक विश्लेषक यह मानकर नहीं चल रहा था कि वह सरकार बनाने तक पहुंच जाएंगे।

तमिलनाडु में यदि कोई सबसे बड़ा परजीवी दल साबित हुआ है तो वह कांग्रेस है क्य उसने हर बार की तरह अपना अस्तित्व बचाये रखने के लिए एक और क्षेत्रीय दल की सरकार में गठबंधन के बहाने सेंधमारी कर ली है। जो दल कांग्रेस के साथ गए व कांग्रेस जिन दलों के साथ गई उन दलों का क्या हाल हो रहा है सभी को पता है। वैसे अभी थलपति विजय का शपथ ग्रहण समारोह भी ग्रहण ग्रस्त लग रहा है।

## लघुकथा

### परिवार की लाड़ली




एक साथ तीन पीढ़ियां गांव के बस स्टेण्ड पर बस का इंतजार कर कही थीं। दादी,मां,पिता, बेटा और उसकी नई-नवेली बहू बस स्टेण्ड हाइवे के किनारे था हालांकि यातायात की कमी नहीं थी लेकिन लोकल बसों की कमी थी। फलस्वरूप लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ता था। समय गुजारने के लिये बेटे ने एक तरीका ढूंढ निकालो वह आते-जाते ट्रकों के पीछे की लिखावटों को पढ़ने लगा`जरा जोर से ताकि सब सुन लें कोई रोमांटिक सी बात होती तो बहू की ओर देख कर और जोर से बोलतो बहू घूंघट कुछ ऊपर उठाती नीचे का ओंठ दांतों तले दबाती और सबकी नजरें बचाते हुए पति की ओर आंखें तरेरती पति को पत्नी के चेहरे की यह लिखावट ट्रक की लिखावट से भी ज्यादा रोमांचित कर देती। उसे इंतजार में भी अनोखा आनंद आने लगा।

अभी-अभी मार्बल से लदा एक ट्रक गुजरा थो ओवरलोडे धीमी रफ्तारे दर्द से कराहता हुआ सा, लिखा था, ह्यपरिवार की लाडली।' बेटे ने कहा, वो देखो परिवार की लाडली जा रही है और बड़े लाड़ से पत्नी को निहारा। "हुंह, इतना तो बोझा लाद रखा है और परिवार की लाड़ली!" पत्नी ने व्यंग्य किया। सासूजी सुन रही थी। उन्होंने तिरछी निगाहों से अपने पति व सास की तरफ देखा, फिर बोली,"इतना बोझा लाद रखा है तभी तो परिवार की लाड़ली है वरना.....`" बहू ने महसूस किया कि सासूजी की आवाज घुट कर रह गई है

**- माधव नागदा**

## कहानी

### उल्लू और कौवे के बैर का कारण



एक बार हंस, तोता, बगुला, कोयल, चातक, कबूतर, मुर्गा, उल्लू आदि प्रमुख पक्षियों ने एक सभा करके यह निश्चय किया कि पक्षियों को अपने नए राजा का चुनाव कर लेना चाहिए। हमारा वर्तमान राजा गरुड़ है, किंतु वह भगवान विष्णु की सेवा-कार्यों में इतना व्यस्त रहता है कि पक्षियों के हित-साधन पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पाता। हमें ऐसा राजा चाहिए जो हमारे बीच रहकर हमारी समस्याओं पर विचार करे और उनका समाधान करे। यह सभा कई दिन तक चली और अंततः निर्णय हुआ कि उल्लू को नया राजा बनाया जाए। अभिषेक की तैयारियाँ होने लगीं। विभिन्न तीर्थों से पवित्र जल मँगवाया गया। सिंहासन पर रत्न जड़े गए, स्वर्ण-घट भरे गए। वेद-पाठी ब्राह्मणों ने वेद-मंत्रों का गान आरंभ कर दिया। उल्लू राज-सिंहासन पर बैठने ही वाले थे कि कहीं से एक कौवा आ पहुँचा। कौवे को यह सब देखकर बड़ा आश्चर्य हुआ। वह मन-ही-मन सोचने लगा कि यह कैसा समारोह है? पक्षियों ने भी कौवे को देखा तो वे आश्चर्य में पड़ गए। कौवे को तो किसी ने आमंत्रित भी नहीं किया था, फिर यह यहाँ क्यों आया? लेकिन सभी ने यह सुना हुआ था कि मनुष्यों में नाई, हिंस्र पशुओं में गीदड़ और पक्षियों में कौवा सबसे चतुर होता है। इसलिए कुछ काम ऐसे होते हैं जिन्हें अकेले नहीं करना चाहिए, जैसे–

–जटिल विषयों पर अकेले विचार नहीं करना चाहिए

–स्वादिष्ट भोजन अकेले नहीं खाना चाहिए

–सोते हुए लोगों के बीच अकेले जागना उचित नहीं

–यात्रा पर अकेले जाना भी संकटपूर्ण होता है–रास्ते में यदि कोई डरपोक व्यक्ति भी मिल जाए तो उसे साथ ले लेना चाहिए।

कौवा बोला, मित्रों! यह क्या कर रहे हो? उल्लू को राजा बनाना चाहते हो? अरे, यह तो रात में ही देखता है, दिन में अंधा हो जाता है। ऐसे राजा से हमारी प्रजा का क्या भला होगा? दिन के समय शत्रु आक्रमण करेंगे तो यह क्या करेगा? सोएगा? यह सुनकर सभी पक्षी सोच में पड़ गए। उल्लू क्रोधित हो उठा और बोला, कौवे! तूने मेरे राज्याभिषेक में विघ्न डाला है। आज यदि यह समारोह रुक गया तो मैं तुझे और तेरे पूरे वंश को कभी क्षमा नहीं करूँगा। कौवा हँसकर उड़ गया। अभिषेक रुक गया और पक्षी बिना राजा चुने लौट गए। तभी से उल्लू और कौवों में बैर हो गया। उल्लू रात में कौवों को मारते हैं और कौवे दिन में उल्लुओं के घोंसलों को नष्ट कर देते हैं।

**सीखः** जल्दबाजी में लिया गया निर्णय गलत हो सकता है। दूसरों की सलाह लेना हमेशा लाभदायक होता है।

# लापरवाही को छिपाना

संतोष उत्सुक

**(व्यंग्य)**

हमारे यहां लापरवाही एक विकसित परम्परा है। कोई दुर्घटना, नुकसान होता है तो जांच शुरू होने से पहले लापरवाही छिपाने की कोशिश शुरू हो जाती है। इसे बहुत जरूरी कर्तव्य की तरह निभाया जाता है। चश्मदीद गवाहों को धमकाने और अपराधी बनाने की सुगबुगाहट के साथ ही लापरवाही छिपाने का सिलसिला शुरू हो जाता है।

लापरवाही के नुकसान ही माने जाते हैं। समझदार लोग भी ऐसा ही बताते हैं। बचपन के विशेषज्ञ भी अस्त व्यस्त अभिभावकों को, सलाह देते रहते हैं कि बच्चों की परवरिश में कोताही न बरतें और बच्चों को बताते रहें कि जिंदगी में किसी भी तरह की लापरवाही न करें। वह बात अलग है कि विशेषज्ञ और अभिभावक खुद भी कई मामलों में लापरवाही बरतते हैं और कहते रहते है कि जीवन में ऐसा हो जाता है। हमारे यहां लापरवाही एक विकसित परम्परा है। कोई दुर्घटना, नुकसान होता है तो



जांच शुरू होने से पहले लापरवाही छिपाने की कोशिश शुरू हो जाती है। इसे बहुत जरूरी कर्तव्य की तरह निभाया जाता है। चश्मदीद गवाहों को धमकाने और अपराधी बनाने की सुगबुगाहट के साथ ही लापरवाही छिपाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। उन्हें पूरी सजगता से धमकी देनी जरूरी होती है ताकि सच सामने न आ सके। अगर ऐसा न किया जाए तो आम आदमी तो क्या कोई भी संपन्न व्यक्ति फंस सकता है वह बात दीगर है कि सुरक्षा व्यवस्था द्वारा की गई लापरवाही उन्हें फंसने नहीं देती । आदमी किसी और की जान बचाने तक में लापरवाह हो सकता है लेकिन अपने मामले में गलती से भी हुई लापरवाही छिपाने की कोशिश करता है।

जांच के दौरान लापरवाही, चतुराई से छिपा देना एक कला है। इसे उचित तरीके से जांच करना भी कहते हैं। यह मेहनत भरा काम है। लापरवाही छिपी रहे सामने न आए, इस सम्बन्ध में एक पुराने गाने को चार सौ बीस बार आधार बनाया जाता है, परदे में रहने दो पर्दा न उठाओ, पर्दा जो उठ गया तो भेद खुल जाएगा और कईयों को फंसा देगा, जो सुलझे बैठे हैं उन्हें उलझा देगा। लापरवाही छिपाने के बहुत से फायदे हैं। लापरवाही छिपाते हुए हर बात उलझा सकते हैं। बयान और रिपोर्टों को अलग अलग कर सकते हैं। महत्त्वपूर्ण संकेत फाइलें बनाने से पहले ही दफन कर सकते हैं। रिपोर्ट्स को बार बार अधूरी बताकर फिर से लिखित जानकारियां बार बार मांग कर, उनकी लापरवाही पर शक बढ़ाया जा सकता है। सीधे सवालों के, लापरवाही में लिपटे गोल मोल जवाब देने से, ज्यादा समय और पुख्ता मदद मिलती है ताकि बेचारा नतीजा दूर कहीं झुरमुट में फंसा रहे और गलत व्यक्ति को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास सफल हो जाए। यही लापरवाही की सजगता भरी सफलता मानी जाती है। इसका अनुभव बचाव व्यवस्था की बुनियादी खामियों के विशेषज्ञ व्यक्तियों को पहले से होता है। उन्हें लापरवाही से गढ़े आरोपों से निबटना खूब आता है तभी तो जांच एजेंसियों के बीच तालमेल नहीं हो पाता। उनमें लापरवाही संभालने का गहन चारित्रिक अनुभव होता है तभी तो लापरवाही छिपाने का महत्त्वपूर्ण काम उन्हें सौंपा जाता है।

अनुभवी लोगों को ऐसे फंसा भी नहीं सकते। उन्हें भविष्य में भी पूरी जिम्मेदारी के साथ कर्तव्य निभाते हुए, लापरवाही करने में सक्रिय भूमिका अदा करनी होती है। किसी भी स्तर पर प्रशिक्षण देने की जरूरत, उन्हें नहीं होती। लापरवाही छिपाने का सबसे व्यावहारिक फायदा यह रहता है कि जांच संपन्न हो जाती है लेकिन कार्रवाई नहीं हो पाती। इधर पूरी गोपनीय सतर्कता से लापरवाही छिपाई जा रही होती है और उधर सार्वजनिक रूप से कहा जा रहा होता है कि भविष्य में किसी भी किस्म की लापरवाही बिलकुल बर्दाशत नहीं की जाएगी।

# मैनपुरी में 'मिशन समाधान शुरू सैकड़ों बीघा सरकारी भूमि कब्जामुक्त

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की पहल पर 'मिशन समाधान' अभियान शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य लंबे समय से लंबित भूमि विवादों और अवैध कब्जों का निस्तारण करना है। इस अभियान के तहत सैकड़ों बीघा ग्रामसभा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर विकास कार्यों के लिए सुरक्षित किया गया है।

जनपद की सभी तहसीलों में पुलिस और राजस्व विभाग की 24 संयुक्त टीमें गठित की गईं। इन टीमों ने चिन्हित प्रकरणों पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर पात्र व्यक्तियों को उनकी भूमि का कब्जा दिलाया गया। साथ ही, चकरोड और नाली की पैमाइश कर जेसीबी से मिट्टी कार्य कराया गया, जिससे आवागमन सुगम हुआ। लंबे समय से चले आ रहे विवादों का निस्तारण भी मौके पर ही किया गया। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने स्वयं ग्राम अहिरवा में मौजूद रहकर लगभग 75 बीघा भूमि से अवैध कब्जा हटवाया। उन्होंने इस भूमि को खेल मैदान,विद्यालय और चारागाह के लिए आरक्षित करने के निर्देश दिए।

ग्राम अहिरवा में कई गाटा संख्याओं की भूमि से कब्जा हटाकर गौशाला के लिए हरे चारे हेतु भूमि सुरक्षित की गई। कुछ स्थानों पर ग्रामीणों की सहमति से नए रास्ते भी बनाए गए। तहसील सदर के ग्राम परौंख में 42 बीघा ग्रामसभा भूमि को कब्जामुक्त कर ग्रामसभा को सुपुर्द किया गया। अंगौथा में चकरोड की पैमाइश कर तत्काल मिट्टी कार्य कराया गया, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली।

अपर जिलाधिकारी ने भी विभिन्न गांवों का निरीक्षण कर अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की। कई स्थानों पर मरघट, नाली, चकरोड और खेल मैदान की भूमि को चिन्हित कर सुरक्षित किया गया। ग्राम हलपुरा, बड़ा गांव, जैली जरौली, करहल और अन्य क्षेत्रों में भी सरकारी भूमि से कब्जा हटाकर ग्राम प्रधानों को सुपुर्द किया गया तथा बंजर भूमि पर मेड़बंदी कराई गई।

## बीमारी से परेशान युवक ने पेड़ से लटककर दी जान

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी ।** मैनपुरी जिले के किशनी थाना क्षेत्र के खिरिया दुम्हार गांव में शनिवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। गांव निवासी 23 वर्षीय अभिषेक अवस्थी पुत्र सत्येंद्र अवस्थी ने खेत में आम के पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

परिजनों के अनुसार अभिषेक पिछले काफी समय से मानसिक बीमारी से जूझ रहा था। उसका इलाज आगरा के चिकित्सकों से चल रहा था। शनिवार शाम करीब चार बजे वह घर से निकला था। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान गांव के बाहर खेत में आम के पेड़ पर उसका शव लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सांसद डिंपल यादव ने बेवर में शोकाकुल परिवारों से की भेंट,बंधाया ढांढस

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**बेवर।** समाजवादी पार्टी सांसद डिंपल यादव शनिवार को बेवर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों और मोहल्लों में पहुंचकर शोकाकुल परिवारों से मिलीं और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उनके साथ पूर्व सांसद तेज प्रताप सिंह यादव और सपा जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। सांसद डिंपल यादव सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव अनीता यादव के आवास पर पहुंचीं, जहाँ उन्होंने उनके पति उमेश यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। इसके बाद वह ग्राम करुआमई नगरिया ,प्रागपुर और नगर के मोहल्ला महाजनान स्थित गंगाराम के भाई राजेश व पूर्व सपा नगर अध्यक्ष बिजलेश तिवारी की माता के निधन पर उनके परिजनों से मिलकर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं।इस दौरान पत्रकार वार्ता में उन्होंने

सरकार और मिशन शक्ति पर *प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर सरकार को घेरे में लिया। उन्होंने कहा कि सरकार का 'मिशन शक्ति' अभियान जमीनी स्तर पर पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। प्रदेश की महिलाएं असुरक्षित हैं।

सांसद डिंपल यादव ने आरोप लगाया कि शासन-प्रशासन सरकार के भारी दबाव में काम कर रहा है, जिसके कारण पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। प्रशासन निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय सत्ता पक्ष के इशारों पर काम कर रहा है। वार्ता के दौरान उन्होंने सपा के पीडीए फॉर्मूले की मजबूती पर भी चर्चा की।ये रहे मौजूदइस अवसर पर पूर्व विधायक आलोक शाक्य, किशनी चेयरमैन प्रतिनिधि अंकुल दीक्षित, टेनी यादव,हंटू यादव, आकाश यादव, ईशू, विमलेश तिवारी, अखिलेश, जय गणेश, अरुण, पूर्व चेयरमैन अन्नू दीक्षित, सत्यम सैनी, राजेश पेंटर और सुमित सैनी सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## विशेष चेकिंग अभियान चलाया




मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में दिनांक 09.05.2026 को यातायात प्रभारी मय यातायात पुलिस द्वारा *दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है,जिसके तहत* यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों के संबंध में जागरूक किया गया एवं *निरोधात्मक कार्यवाही की गई जिसके अंतर्गत मॉडिफाइड साइलेंसर बुलेट वाहन को चेक किया एवं आमजन मानस को बताया गया कि कोई भी मोडिफाइड साइलेंसर लगाकर नहीं चलेगा तथा बिना हेलमेट व तीन सवार 40 चालान किए गए एवं अन्य धाराओं में 82, कुल चालान 122 एवं नकद समन शुल्क 10,000 , तथा 5,20,000 कुल जुर्माना किया गया।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक रामनरेश अग्निहोत्री ने किया दो सहकारी समितियों का भव्य उद्घाटन

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**बेवर/मैनपुरी।** विधानसभा क्षेत्र भोगांव के अंतर्गत ग्राम चिलौसा और सकतबेवर में बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों का विधिवत उद्घाटन शनिवार, 9 मई 2026 को पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक रामनरेश अग्निहोत्री द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने समितियों के भवन का लोकार्पण कर क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को नई सुविधाओं की सौगात दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष (मैनपुरी) ममता राजपूत, उप आयुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता (मैनपुरी) जितेन्द्र पाल सिंह, आगरा मण्डल डायरेक्टर शिवदत्त भदौरिया और पूर्व जिला अध्यक्ष श्री सुमित उपस्थित रहे। इनके साथ ही पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद तोमर और बेवर नगर पंचायत के चेयरमैन सरितकांत भाटिया ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।
ग्राम चिलौसा स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे अतिथियों का ग्रामवासियों ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीण, सहकारी विभाग के अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए समितियों के सफल संचालन की कामना की।
संलग्न फोटो

## समाधान दिवस में थाना एलाऊ पहुंचे डीएम और एसपी

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**एलाऊ।** महीने के दूसरे शनिवार को जिलाधिकारी डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा थाना एलाऊ पहुंचे। वहां पीड़ितों की फरियाद सुनकर मौके पर ही टीम बनाकर निस्तारण को भेजा। सभी मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। जिनका कानूनगो, लेखपाल एवं पुलिस टीम को निर्देशित करते हुए निस्तारण के आदेश दिए। थाना दिवस में कुल 14 शिकायतें आई। जिसमें जिलाधिकारी ने ध्यान से सुनकर कार्रवाई के निर्देश दिए। एक घरेलू जमीनी विवाद में जिलाधिकारी द्वारा विवाद को खत्म करते हुए दोनों पक्षों को आपस में गले भी मिलवाया। वही क्षेत्र के गांव नवादा में गांव के खरंजे पर अवैध कब्जे की शिकायत के मामले में उन्होंने तुरंत टीम गठित कर मौके पर जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा तुरंत अभी मौके पर जाओ मौके पर तुरंत पैमाइश कर कब्जे को हटाया जाए। हर हाल में 2 दिन के अंदर खरंजे का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाए।

# बेवर में अतिक्रमण की मार सड़कों पर चल रहा व्यापार

### नगर पंचायत द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**बेवर।** नगर पंचायत बेवर अंतर्गत अतिक्रमण की मार से आम जनमानस परेशान है,दुकानदार अपनी दुकानों का सामान सड़कों पर तखत बेंच आदि लगाकर सड़कों पर सजा रहे हैं।जिससे आए दिन जाम के हालात बनते हैं।पूर्व में तत्कालीन उपजिलाधिकारी द्वारा नगर को अतिक्रमणमुक्त किए जाने हेतु निर्देश दिए गए थे।लेकिन बेखौफ अतिक्रमणकताओं द्वारा सड़कों पर सजे अतिक्रमण को नहीं हटाया गया।जिससे हालात बिगड़ते जा रहे हैं।

बताते चलें कि नगर पंचायत बेवर में जीटी रोड पर नगर पंचायत कार्यालय से अस्पताल तिराहा,मोटा रोड,अस्पताल तिराहा से सदर चौराहा, व छिबरामऊ रोड,सब्जी मंडी, जीटी रोड बाईपास, इटावा रोड और वाईपास इटावा रोड पर दुकानदारों द्वारा दुकानों का सामान सड़कों पर सजाया जा रहा है।चार पूर्व में तत्कालीन उपजिलाधिकारी संध्या शर्मा द्वारा व्यापारियों के साथ बैठक कर नगर को अतिक्रमणमुक्त किए जाने हेतु स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे।कुछ अतिक्रमणकताओं ने किए हुए अतिक्रमण को हटा लिया था लेकिन बाद में कोई कार्यवाही न होने के चलते पुनः अतिक्रमण कर सड़कों को घेर लिया गया।

वर्तमान में नगर के मुख्य बाजार में,सब्जी मंडी,सदर चौराहा,तथा बाईपास मार्गों पर हालत बदतर हैं।थाना पुलिस द्वारा विगत दिवस सदर चौराहा एवं मुख्य बाजार में गश्त दौरान दुकानदारों द्वारा सड़कों पर सजाए गए सामान को लेकर नाराजगी जताते हुए दुकानदारों को दायरे में रहने के निर्देश दिए गए थे।स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से नगर में व्याप्त अतिक्रमण की हटवाए जाने की गुहार लगाई है।

अधिशासी अधिकारी बुद्धिप्रकाश द्वारा बताया गया कि जल्द ही अभियान चलाकर नगर को अतिक्रमणमुक्त कराया जायेगा।अतिक्रमणकर्ता स्वयं अपने अतिक्रमण को हटा लें।

## मैनपुरी में बाइक रैली के बाद पथराव की अफवाह

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** ओछा थाना क्षेत्र के ज्योति कस्बे में महाराणा प्रताप बाइक रैली के बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। रैली के दौरान बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पथराव और पत्थर फेंके जाने की चचाएं थीं। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि प्रतिमा पूरी तरह सुरक्षित है और उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।
स्थानीय लोगों के अनुसार, बाइक रैली के दौरान कुछ युवकों ने अंबेडकर चौक के पास ईंट-पत्थर फेंके और वहां लगे झंडों को नुकसान पहुंचाया। स्थानीय निवासी दीपमाला ने आरोप लगाया कि युवकों ने चौक पर रखे पत्थर फेंके और माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। उनके पहुंचने से पहले ही रैली आगे बढ़ चुकी थी। दीपमाला ने यह भी बताया कि रैली के आगे-पीछे पुलिस बल मौजूद था और पुलिसकर्मियों ने कुछ युवकों को मौके से हटाया भी था। एक अन्य स्थानीय महिला राखी ने बताया कि दो युवक अंबेडकर चौक पर आए थे। शुरूआत में लोगों को लगा कि वे सम्मान करने आए हैं, लेकिन बाद में उन्होंने वहां रखे पत्थर फेंक दिए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बाइक रैली में शामिल कुछ युवक डीजे पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर एसपी ग्रामीण अभिषेक तिवारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पुष्टि की कि पुलिस निरीक्षण में प्रतिमा पूरी तरह सुरक्षित पाई गई है। एसपी ग्रामीण ने बताया कि बाइक रैली के दौरान हुई घटना की सूचना पर स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई है।

## गंदगी और जलभराव से परेशान लोगों ने किया विरोध प्रदर्शन

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कुसमरा/मैनपुरी।** नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या एक कटरा मोहल्ला में गंदगी और जलभराव की समस्या से परेशान लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। मोहल्ले के लोगों ने विरोध प्रदर्शन कर जल्द समाधान की मांग की।

शिकायतकर्ता रवि कठेरिया ने बताया कि गली में पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण अक्सर बड़ी मात्रा में पानी भर जाता है। इससे गली में कीचड़ और फिसलन बनी रहती है, जिसके चलते लोग गिरकर घायल हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि गंदे और संक्रामक पानी के कारण बीमारियां फैलने की आशंका भी बनी हुई है। विरोध प्रदर्शन में कल्लू शर्मा, शरमन, उमेश, दिनेश सहित दर्जनों महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। लोगों का कहना था कि लंबे समय से सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है और न ही जलनिकासी की कोई स्थायी व्यवस्था की गई है, जिससे समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। मामले में नगर पंचायत कुसमरा के चेयरमैन प्रतिनिधि विनय प्रताप सिंह सिसोदिया ने बताया कि समस्या उनके संज्ञान में है और जल्द ही लोगों को जलभराव व गंदगी की समस्या से निजात दिलाई जाएगी।

# मैनपुरी में महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** जिले में शनिवार को महाराणा प्रताप जयंती धूमधाम से मनाई गई। करणी सेना द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप चौक पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और मुख्य समारोह अवंती बाई पार्क में संपन्न हुआ।

जयंती समारोह की शुरूआत सुबह शहर में एक बाइक रैली निकालकर की गई, जिसके माध्यम से लोगों को महाराणा प्रताप जयंती के बारे में सूचित किया गया। कार्यक्रम में अवागढ़ के राजा अमरीश पाल सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। पूर्व विधायक अशोक सिंह चौहान, कार्यक्रम आयोजक शेखर भदोरिया, शिवम चौहान, उदित चौहान, सौरभ चौहान और अरविंद सिंह तोमर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अतिथियों का फूलमाला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। इसके बाद, महाराणा प्रताप चौक पर स्थापित प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए।

कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। वरिष्ठ अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से देर शाम तक कार्यक्रम स्थल पर पुलिस बल तैनात रहेगा, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## मैनपुरी में स्वगणना पर आधारित जनपद स्तरीय रैली का आयोजन

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 09 मई 2026 को स्वगणना पर आधारित जनपद स्तरीय रैली का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी श्यामलता आनंद ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।
इस अवसर पर एसडीएम सदर अभिषेक कुमार और जिला विद्यालय निरीक्षक सतीश कुमार भी उपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सुमन यादव ने मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी श्यामलता आनंद और एसडीएम सदर अभिषेक कुमार का बुके भेंटकर स्वागत किया। रैली में छात्र-छात्राओं ने स्वगणना से संबंधित पोस्टर, स्लोगन और तख्तियां हाथों में लेकर नारे लगाए। इसका उद्देश्य लोगों को स्वगणना के प्रति प्रेरित करना था। रैली के अतिरिक्त, जनपदीय निबंध, पोस्टर और रंगोली प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मैनपुरी के साथ-साथ राजकीय इंटर कॉलेज मैनपुरी, कुंवर आर.सी. कन्या इंटर कॉलेज मैनपुरी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज करहल, क्रिश्चियन इंटर कॉलेज मैनपुरी और श्रीगंगा सहाय कन्या इंटर कॉलेज मैनपुरी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

# आवंटित पट्टे पर आवंटी को कब्जा दिलाए जाने के निर्देश



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** जागीर जनसुनवाई के दौरान जब मंजू देवी नि. जागीर ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसके देवर द्वारा पैतृक भूमि से हिस्सा नहीं दिया जा रहा है, शिकायतकर्ता ने बताया कि वह गांव में नहीं रहते है, गांव में आने पर देवर, उनके परिजनों द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है, जिस पर उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल से तत्काल दूसरे पक्ष को बुलाकर जानकारी की, जानकारी करने पर पाया कि वह पिता की पैतृक भूमि से हिस्सा देने को तैयार है लेकिन जेठानी द्वारा ज्यादा हिस्से की मांग की जा रही है, जिस पर उन्होंने दोनों पक्षों की बात सुन मौके पर ही देवरानी, जेठानी को गले मिलाया, भतीजे से चाचा के पैर छुवाकर मौके पर ही दोनों की सहमति से भूमि की पैमाईश कराकर एक तिहाई-एक तिहाई भाग उपलब्ध कराने के निर्देश क्षेत्रीय लेखपाल को देते हुए कहा कि आज ही गठित टीम के साथ मौके पर जाकर तीनों भाइयों को भूमि चिन्हित कराकर उपलब्ध करायें, सभी पक्षों ने खुशी-खुशी जिलाधिकारी के फैसले का स्वागत किया। नवादा नि. शान्ति स्वरूप ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि गाटा संख्या-459 में .105 है. पर पट्टा आवंटित हुआ था, पट्टे की कई बार पैमाइश भी की जा चुकी है लेकिन विपक्षीगण कब्जा नहीं करने देते, शिकायतकर्ता ने आवंटित पट्टे की पैमाइश कराकर दखल दिलाये जाने की मांग की, जिस पर उन्होंने राजस्व निरीक्षक, उप निरीक्षक के नेतृत्व में लेखपाल नीरज, अनूप एवं 02 आरक्षियों की टीम गठित कर आज ही मौके पर जाकर आवंटित पट्टे पर आवंटी को कब्जा दिलाए जाने के निर्देश देते हुए कहा कि कहीं भी पट्टों पर अनाधिकृत कब्जा न हो, पट्टों पर अनाधिकृत कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाए।

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकली भव्य बाइक रैली

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**एलाऊ।** ब्लॉक जागीर क्षेत्र में शनिवार को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर श्री राजपूत करणी सेना के जिला महासचिव शिवप्रताप चौहान के नेतृत्व में क्षेत्र के दर्जनों गांवों में भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ हुसैनपुर से मुख्य अतिथियों द्वारा महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। हाथों में भगवा ध्वज और देशभक्ति के नारों के साथ युवाओं ने महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान और बलिदान को याद किया।

बाइक रैली में युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। रैली हुसैनपुर से शुरू होकर दर्जनों गावों से होते हुए एलाऊ चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुई। इसके बाद पंचवटी बाग में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुनेश चौहान एवं विनय बाबू पहुंचे। ब्लॉक प्रमुख मुनेश चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति और त्याग के प्रतीक थे। उनका जीवन हमें अन्याय के खिलाफ डटकर खड़े रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं से महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाकर समाज और देशहित में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर शिवदत्त भदौरिया, प्रेमचंद पांडेय, महिपाल चौहान, निलेश चौहान, गोलू ठाकुर, एंकी ठाकुर, मोहित राठौर, अहिबरन सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने नाला सफाई कार्य का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**बेवर।** आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए नगर पंचायत बेवर द्वारा जलभराव की समस्या से निपटने के लिए कमर कस ली गई है। शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष सरितकांत भाटिया ने नगर के विभिन्न वार्डों में चल रहे नाला सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिल्ट (कीचड़) निकालने के कार्य की जमीनी हकीकत परखी और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर सफाई की गति धीमी पाए जाने पर अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा कि सफाई कार्य में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि बरसात शुरू होने से पहले ही सभी छोटे-बड़े नालों से सिल्ट निकालने का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाए, ताकि जल निकासी में कोई बाधा न आए। जनता की सुविधा प्राथमिकताःमीडिया से बात करते हुए अध्यक्ष सरितकांत भाटिया ने कहा, "हमारा मुख्य उद्देश्य यह है कि बरसात के समय नगरवासियों को जलभराव और गंदगी के कारण किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो। नालों की तली तक सफाई सुनिश्चित की जा रही है ताकि भारी बारिश में भी पानी की निकासी सुचारू बनी रहे।" उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि कार्य को समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए।इस दौरान नगर पंचायत के सफाई नायक और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत, पत्नी गंभीर घायल

मॉर्निंग सिटी संवाददाता




**कुसमरा/किशनी।** थाना किशनी क्षेत्र के नगला बांध गांव में उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब सड़क हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है।

पजानकारी के अनुसार नगला बांध निवासी दिनेश यादव (38) शुक्रवार देर शाम अपने 14 वर्षीय पुत्र लकी और पत्नी नीतू (32) के साथ रिश्तेदारी से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे। बताया गया कि जैसे ही उनकी बाइक इटावा जनपद के चौपुला स्थित राइस मिल के पास पहुंची, तभी तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि पुत्र लकी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दिनेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान दिनेश यादव ने भी दम तोड़ दिया।

वहीं नीतू की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद पिता-पुत्र के शव उनके पैतृक गांव नगला बांध लाए गए।

गांव में गमगीन माहौल के बीच दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में किशनी-कुसमरा क्षेत्र के हजारों लोग शामिल हुए। ग्रामीणों की आंखें नम रहीं और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा रहा।

## भय से विश्वास की ओर बढ़ता बंगाल: प्रतीक रघुवंशी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। पश्चिम बंगाल में हाल के समय में उभरते सामाजिक, सांस्कृतिक एवं लोकतांत्रिक परिवेश के संदर्भ में विहिप ब्रजप्रांत सोशल मीडिया प्रमुख प्रतीक रघुवंशी ने प्रदेश की जनता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

??उन्होंने कहा कि यह समय जनआकांक्षाओं, लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक चेतना के पुनः जागरण का प्रतीक बनकर सामने आया है। उनके अनुसार राज्य में बढ़ता जनसरोकार, सामाजिक सहभागिता और सार्वजनिक उत्साह इस बात का संकेत है कि लोग विकास, सुरक्षा और स्थिरता की दिशा में नए विश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं। अपने संदेश में उन्होंने विभिन्न राजनीतिक और राष्ट्रीय संदर्भों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बंगाल की धरती को मंच से नमन करना इस राज्य के प्रति केंद्र की संवेदनशीलता और सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सीमा सुरक्षा, अवैध घुसपैठ पर नियंत्रण तथा राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने के संबंध में दिए गए आश्वासन को भी समाज में एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है, जो नागरिकों में सुरक्षा और स्थिरता की भावना को मजबूत करता है। इसके साथ ही उन्होंने पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री माननीय सुवेंदु अधिकारी को भी बधाई देते हुए उनके सार्वजनिक बयानों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में भय के स्थान पर विश्वास, पारदर्शिता और लोकतांत्रिक सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में जो राजनीतिक संवाद स्थापित हुआ है, वह जनमानस में नए आत्मविश्वास का संकेत देता है। प्रतीक रघुवंशी ने कहा कि बंगाल केवल एक राजनीतिक भूमि नहीं, बल्कि एक महान सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का केंद्र है, जहाँ शिक्षा, समाज और संस्कृति सदैव साथ-साथ आगे बढ़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हाल के समय में शैक्षणिक संस्थानों के विस्तार, धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों के पुनर्संचालन और समाज में बढ़ते उत्साह ने एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया है।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि राज्य में जनता द्वारा लोकतांत्रिक परिवर्तन का शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण स्वागत, अनेक स्थानों पर दिखाई देने वाला उत्सव जैसा वातावरण, और सामाजिक सहभागिता इस बात का संकेत है कि समाज विकास और स्थिरता की दिशा में आगे बढ़ने को तैयार है। अंत में उन्होंने आशा व्यक्त की कि पश्चिम बंगाल अपनी गौरवशाली ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराकृजिसमें स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और विचारक शामिल हैंकृको साथ लेकर शिक्षा, सुरक्षा, सामाजिक समरसता और विकास के मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहेगा। उन्होंने अपने संदेश का समापन शुभमस्तु के साथ करते हुए प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अलीगढ़ में 9 केंद्रों पर पीजीटी परीक्षा आयोजित की गई



मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित पीजीटी परीक्षा शनिवार सुबह अलीगढ़ में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। जिले के 9 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से कराई जा रही है। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से शुरू हुई, जबकि अभ्यर्थियों को 8:45 बजे से केंद्रों में प्रवेश दिया गया।

शहर के नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज समेत सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की गहन तलाशी और दस्तावेज सत्यापन के बाद ही अंदर प्रवेश दिया गया। पुलिस बल की मौजूदगी में अभ्यर्थियों को लाइन में लगाकर व्यवस्थित तरीके से परीक्षा केंद्रों में भेजा गया। प्रशासन ने परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और नकलविहीन तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। अपर जिलाधिकारी किंशुक श्रीवास्तव ने सभी सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट को लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। पुलिस प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम और अग्निशमन विभाग को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो। यह परीक्षा जिले में दो दिनों तक आयोजित की गई, जिसमें कुल 13,782 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित की गई।

## सफाई कर्मचारियों ने अवकाश न मिलने और वेतन कटौती को लेकर किया प्रदर्शन



मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों को अवकाश न मिलना और वेतन कटौती के विरोध में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में कर्मचारी गांधीपार्क बस स्टैंड क्षेत्र में एकत्र हुए। स्वास्थ्य अधिकारी के आश्वासन के बाद प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया।

कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें महीने में चार दिन का अवकाश मिलना चाहिए, और वेतन से कटौती की जा रही है। इस कटौती से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना था कि नियमानुसार उन्हें अवकाश का अधिकार है, फिर भी वेतन काटा जा रहा है, जिससे उनमें भारी रोष है। प्रदर्शन की सूचना मिलते ही नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी रामानंद त्यागी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कर्मचारियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। त्यागी ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि सोमवार को नगर निगम कार्यालय में सभी संबंधित पक्षों के साथ बैठक कर इस मामले पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

स्वास्थ्य अधिकारी के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने तत्काल अपना प्रदर्शन स्थगित कर दिया और शांतिपूर्वक अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए। अब सभी की निगाहें सोमवार को होने वाली बैठक पर टिकी हैं, जिसमें वेतन कटौती और अवकाश से जुड़े मुद्दों का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा, ताकि सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो।

## परीक्षा देकर लौट रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत, फतेहपुर सीकरी में पसरा मातम

मोर्निंग सिटी संवाददाता



फतेहपुर सीकरी। बीबीए की परीक्षा देकर घर लौट रहे एक होनहार छात्र की सड़क हादसे में मौत हो जाने से फतेहपुर सीकरी में शोक की लहर दौड़ गई। महूअर के समीप दक्षिणी बाईपास कट पर हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल छात्र ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। युवक की असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं स्थानीय लोगों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने असुरक्षित कट और लापरवाह यातायात व्यवस्था को हादसे की बड़ी वजह बताया है। जानकारी के अनुसार फतेहपुर सीकरी निवासी व्यवसाई रमन गुप्ता का पुत्र कुशाल गुप्ता आगरा के राजा बलवंत सिंह कॉलेज, खंदारी कैंपस में बीबीए की परीक्षा देने गया था। विगत 7 मई 2026 को परीक्षा समाप्त होने के बाद वह बाइक से वापस फतेहपुर सीकरी लौट रहा था। बताया गया है कि महूअर के समीप दक्षिणी बाईपास कट पर पीछे से आए तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में कुशाल के सिर में गंभीर चोट आई और वह सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल आगरा के रेनबो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की टीम लगातार उसका उपचार कर रही थी। परिजनों की दुआओं और डॉक्टरों के प्रयासों के बावजूद कुशाल जिंदगी की जंग हार गया। शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। बताया गया है कि कुशाल गुप्ता बेहद मिलनसार, शांत स्वभाव और पढ़ाई में होनहार छात्र था। परिवार को उससे काफी उम्मीदें थीं। परिवार में दो भाई हैं, जिनमें बड़ा भाई किराना स्टोर पर कार्य करता है। कुशाल की मौत की खबर जैसे ही कस्बे में फैली, पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में लोग परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे। पालिका के पूर्व अध्यक्ष त्रिलोकचंद मित्तल, वर्तमान अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम, मुरारी बजरंगी, मोहन अग्रवाल, अंजय गोयल, विष्णु गुप्ता, प्रमोद सिंघल, नीरज शुक्ला, पूर्व प्रधान महावीर सिंह वर्मा, पूर्व सभासद राजेश शर्मा, सभासद मनोज सिंघल, हनी गोयल, राहुल घाटी, राजेश मित्तल और महेश चंद गोयल सहित तमाम लोगों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना जताई। स्थानीय लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर बने खतरनाक कट, अपर्याप्त संकेतक और तेज रफ्तार वाहनों की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से हाईवे पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और दुर्घटना संभावित स्थलों पर प्रभावी इंतजाम करने की मांग की है।

## स्कूल टाइम में सड़कों पर जाम का जाल, धूप में बिलखते बच्चे और बेबस अभिभावक

मोर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। शहर में स्कूल खुलने और छुट्टी के समय ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। प्रमुख स्कूलों के बाहर रोजाना लगने वाले जाम ने बच्चों, अभिभावकों और राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तेज धूप में छोटे-छोटे बच्चे वाहनों के बीच फंसे दिखाई देते हैं, जबकि अभिभावक घंटों सड़क पर जाम खुलने का इंतजार करने को मजबूर हैं। दूसरी ओर रॉन्ग साइड से दौड़ते वाहन हादसों के खतरे को लगातार बढ़ा रहे हैं। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पुलिस आयुक्त स्तर से लगातार निर्देश जारी किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर हालात सुधरते नजर नहीं आ रहे। स्कूलों के बाहर अव्यवस्था का आलम यह है कि कहीं वाहन बेतरतीब खड़े रहते हैं तो कहीं सड़क के दोनों ओर कब्जे जैसी स्थिति बन जाती है। कई स्थानों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौजूद होने के बावजूद व्यवस्था नियंत्रित होती नहीं दिखती। लोगों का कहना है कि स्कूल टाइम में जिन पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाती है, उनमें से कुछ मोबाइल फोन में व्यस्त नजर आते हैं तो कुछ छांव में खड़े होकर समय बिताते दिखाई देते हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब हर थाने को पर्याप्त पुलिस बल और अतिरिक्त अंडर ट्रेनिंग सिपाही उपलब्ध कराए गए हैं, तब भी स्कूलों के बाहर ट्रैफिक व्यवस्था संभल क्यों नहीं पा रही। वहीं नगर निगम के भारी-भरकम ट्रकों की आवाजाही भी लोगों की परेशानी का बड़ा कारण बन रही है। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल खुलने और छुट्टी के समय भारी वाहनों को व्यस्त मार्गों पर नहीं चलना चाहिए, लेकिन इसके बावजूद ट्रक सड़कों पर दौड़ते दिखाई देते हैं। इससे जाम और भी गंभीर हो जाता है तथा बच्चों की सुरक्षा पर खतरा मंडराने लगता है।

## डीएम की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक 15 मई को

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए बाढ़ से पूर्व तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में 15 मई को अपरान्ह 03:30 बजे से आहुत की जाएगी।

अधिशासी अभियन्ता नरौरा खण्ड निचली गंगा नहर एवं सदस्य सचिव बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में बाढ़ के समय बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करके आवश्यक प्रबन्ध एवं कार्यवाही, बाढ़ निरोधक कार्यों पर बाढ़ के समय आवश्यक सामग्री कार्य स्थल पर पहुंचाने के लिए साधन उपलब्ध कराना, बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थल पर मरम्मत के लिये मजदूर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था कराना, बाढ़ निरोधक कार्यों के सुरक्षार्थ, आवश्यकता पड़ने पर पीएसी, पुलिस या होमगार्ड द्वारा पेट्रोलिंग का प्रबन्ध करना, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थलों पर जहां रात्रि में भी कार्य करने की आवश्यकता हो वहां बिजली का उचित प्रबन्ध करना, जलमग्न क्षेत्रों में वर्षा के पानी को निकालने के लिये पम्पों, बिजली और डीजल की समुचित व्यवस्था करना, राहत कार्यों से सम्बन्धित विभागों व संस्थाओं से समन्वय समेत बाढ़ से सम्बन्धित कार्य पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से अनुरोध किया है।

कि अपने विभाग से सम्बन्धित कार्ययोजना के साथ बैठक में समय से प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## मानकों से खिलवाड़ करने वाली एम्बुलेंसों पर प्रशासन का शिकंजा,अब तक 19 सीज, 9 का पंजीयन निरस्त

मोर्निंग सिटी संवाददाता





अलीगढ़। मरीजों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग ने बिना मानकों के संचालित एम्बुलेंस वाहनों, स्कूली वाहनों, निजी वाहनों, टैक्सी वाहनों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी के निर्देश पर परिवहन विभाग ने जिले भर में इन वाहनों की जांच तेज कर दी है।सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवेश कुमार ने बताया कि जिले में संचालित एम्बुलेंस सहित अन्य वाहनों की नियमित जांच मोटरयान अधिनियम एवं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप कराई जा रही है। जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज समेत प्रमुख निजी अस्पतालों के आसपास विशेष अभियान चलाकर एम्बुलेंस वाहनों की सघन जांच की गई।

वाहन-4.0 पोर्टल के अनुसार जिले में कुल 321 एम्बुलेंस वाहन पंजीकृत हैं। जांच में 260 एम्बुलेंस पूरी तरह मानक अनुरूप पाई गईं, जिनमें फिटनेस प्रमाण पत्र, ऑक्सीजन सिलेंडर, आवश्यक चिकित्सीय उपकरण एवं सुरक्षा व्यवस्थाएं उपलब्ध थीं।

वहीं जांच के दौरान 52 एम्बुलेंसों की फिटनेस समाप्त मिली, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए 19 एम्बुलेंसों को सीज कराया गया। इसके अलावा 33 वाहन संचालकों को नोटिस जारी कर फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करने तक संचालन रोकने के निर्देश दिए गए। गंभीर अनियमितताओं के चलते 9 एम्बुलेंसों का पंजीयन भी निरस्त किया गया। एआरटीओ ने स्पष्ट किया कि मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इसके लिए परिवहन, स्वास्थ्य और पुलिस विभाग का संयुक्त अभियान लगातार संचालित किया जाएगा।

## जेएन मेडिकल कॉलेज की हड़ताल पांचवें दिन समाप्त

मोर्निंग सिटी संवाददाता




अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में मंगलवार से चली आ रही जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल 5 वें दिन समाप्त करने का ऐलान कर दिया गया है। रेजिडेंट डॉक्टरों और प्रशासन के बीच हुई वार्ता के बाद निर्णय लिया गया कि डॉक्टर आज शाम 4:00 बजे से दोबारा अपनी इमरजेंसी ड्यूटी संभालेंगे। बताया जा रहा है कि हाल ही में डॉक्टरों और तीमारदारों के बीच हुए विवाद तथा कुछ डॉक्टरों के निलंबन को लेकर जूनियर डॉक्टर आंदोलन कर रहे थे। हड़ताल के कारण मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही थीं और मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

## मोबाइल टॉवर से अज्ञात चोर तीन बैटरी ले गये

मोर्निंग सिटी संवाददाता



अलीगढ़। थाना जवां अन्तर्गत अमरौली स्थित एक मोबाइल टॉवर से अज्ञात चोर तीन बैटरी कोंसलाइट चुराकर ले गये। बैटरी चोरी की घटना की जानकारी मोबाइल टॉवर पर तैनात टैक्नीशिन ने शिवकुमार पाण्डेय ने आरसीपीजी के फील्ड ऑफिसर हरेन्द्र सिंह को दी। बैटरी चोरी की घटना की रिपोर्ट थाना जवां में अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज कराई ।

## साले के साथ जा रहे युवक की एक्सीडेंट में मौत



मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में रात एक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साला गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा साईं ढाबे के पास हुआ। घायल युवक को इलाज के बाद जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

मृतक की पहचान बरौला पुल के नीचे रहने वाले सन्नी के रूप में हुई है, जो पेंटिंग का काम करता था। घायल राहुल कुमार नगला क्षेत्र, थाना बन्नादेवी का निवासी है और मम्बरी का काम करता है। दोनों रिश्ते में जीजा-साले थे। घायल राहुल के पिता बिशंभर दयाल ने जानकारी दी कि वे घर पर नहीं थे। राहुल काम से लौटने के बाद अपनी स्कूटी खड़ी कर कहीं गया था। कुछ देर बाद उन्हें फोन पर दोनों के एक्सीडेंट की सूचना मिली और उन्हें तुरंत अस्पताल बुलाया गया। परिजनों के अनुसार, हादसा तस्वीर महल के पास स्थित साईं ढाबे के निकट हुआ। डॉक्टर मयंक कुमार गौड़ ने बताया कि एम्बुलेंस से दो मरीज अस्पताल लाए गए थे। इनमें से एक युवक को अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृत घोषित कर दिया गया था।

## पुलिस ने गांजा समेत दो महिलाओं समेत आधा दर्जन अभियुक्त दबोचे

मोर्निंग सिटी संवाददाता



अलीगढ़। थाना क्वार्सी पुलिस टीम गांजा तस्कर गिरोह के महिला समेत आधा दर्जन अभियुक्तो को 39 किलोग्राम गांजा व अवैध तमंचा व कारतूस व नगदी समेत गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक नगर आदित्य बंसल ने वार्ता के दौरान पुलिस लाइन स्थित सभागार में दी।

शनिवार को इस संबंध में पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर आदित्य बंसल ने पत्रकार से वार्ता के दौरान दी। उन्होने बताया कि थाना क्वार्सी पुलिस को जानकारी मिली थी कि थाना क्वार्सी क्षेत्रान्तर्गत शहंशाह बाद एक बडे पैमाने पर गांजे की बिक्री जा रही है। थाना क्वार्सी पुलिस ने मिली जानकारी के मुताबिक बताये गये उक्त स्थान शहंशाहबाद में छापा मारा और आफताब उर्फ कप्तान पुत्र जमील निवासी गली नं0 10 शहंशाहबाद थाना क्वार्सी, नबील पुत्र स्व० नवाब निवासी गली नं0 10 शहंशाहबाद,. अब्दुल्ला पुत्र स्व० नवाब निवासी गली न० 10 शहंशाहबाद बिलाल पुत्र स्व० नवाब निवासी गली नं० 10 शहंशाहबाद, शहरीन पत्नी आफताब उर्फ कप्तान निवासी गली नं0 10 शहंशाहबाद और गुडिया पत्नी आफताब उर्फ कप्तान निवासी गली नं0 10 शहंशाहबाद को मय 39 किलो हिरसत घटना में प्रयुक्त 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 39 किलोग्राम गांजा गांजा बिक्री से प्राप्त 1,05,000-रुपये सहित दबोच लिया। इस छापामार कार्यवाही में थाना क्वार्सी शिव प्रसाद सिंह, उ0नि0 प्रिया चौधरी और उ0नि0 विशाल शर्मा मौजूद थे।

## सिलेंडरों में धमाके से दहला गणेश नगर, भीषण आग में जलकर राख हुआ गृहस्थी का सामान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



आगरा। फाउंड्री नगर स्थित गणेश नगर में शनिवार सुबह एक मकान में लगी भीषण आग और गैस सिलेंडरों के धमाकों से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में घर में रखे दो एलपीजी सिलेंडर जोरदार धमाके के साथ फट पड़े। धमाकों की आवाज सुनते ही आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। राहत की बात यह रही कि परिवार के सदस्य समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार गणेश नगर निवासी देवेंद्र कुमार के मकान में अचानक आग लग गई। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग लगते ही घर के अंदर मौजूद परिवार के लोगों में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई और आसपास के लोगों को सूचना दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आग कुछ ही मिनटों में पूरे घर में फैल गई। इसी दौरान घर में रखे दो गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट पड़े। धमाकों से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग दहशत में सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दे रहा था। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर में रखा फर्नीचर, कपड़े, घरेलू सामान और अन्य जरूरी वस्तुएं जलकर राख हो चुकी थीं। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आसपास के लोगों से घटना की जानकारी जुटाई। फायर विभाग द्वारा आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि प्रथम द्दष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है, लेकिन विस्तृत जांच के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भारी भीड़ जमा रही। स्थानीय लोगों का कहना था कि यदि परिवार समय रहते घर से बाहर नहीं निकलता तो हादसा और भी भयावह हो सकता था।

## महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया



मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। शनिवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा सुरेंद्र नगर स्थित महाराणा प्रताप पार्क में माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के हजारों लोगों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस दौरान एमएलसी डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र पाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख क्र् सिंह, कमल प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, विवेक प्रताप सिंह, अखिलेश तोमर, भूपेंद्र सिंह, राजकुमार सिंह अनामिका सिंह रेखा सिंह मीरा यादव भावना चौहान सहित अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों और समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

वहीं दूसरी ओर गभाना में महाराणा प्रताप जयंती की पूर्व संध्या पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया।

## छोटी खबरें

मदर डे पर विशेष



माँ किसी तारीफ की मोहताज नहीं,
वह हर रूप में सुंदर है ,जैसे खिलता गुलाब कोई।
मैंने देखा है उन्हें हमेशा संघर्षों से लड़ते हुए,
जिंदगी के सफर में हमें अकेले बड़ा करते हुए।
नम होती हैं आंखें उनकी तो भी मेरे लिए मुस्कुराती है,
आंखों में मेरी आंसू ना आए ,यही मन में उनके हमेशा प्रार्थना आती है।
बता दूं उन्हें पूरे दिन की गाथा, मेरे लिए संतुष्टि है यही ।
माँ किसी तारीफ की मोहताज नहीं,
अपने ख्वाबों को साइड में रखकर ,वह मेरे ख्वाब सजा देती है।
हार न जाऊं मैं किसी राह पर ,वह मुझे मुझसे हर बार मिला देती है।सीख देती है हमेशा सही।
माँ किसी तारीफ की मोहताज नहीं,
तिनके - तिनके से मैंने घर बनाते उन्हें देखा है,
किसी पर निर्भर ना हो जाऊं मैं ,उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हमें देखा है,
सूती साड़ी में जिंदगी गुजारते उन्हें मैंने देखा है ,
स्वाभिमान के साथ समझौता कभी करती है नहीं ।
माँ किसी तारीफ की मोहताज नहीं,
वो कोई उलझी पहेली है नहीं,
इस दुनिया में एक सच्ची सहेली है वही।
मैं करूं न भी याद अगर भगवान को , कोई गम मुझे है नहीं,
सुबह की अरदास ,पहले गुरु बस मेरी माँ तू है मेरी।
तो कैसे कह दूं कि मेरी पूजा अधूरी है रही ।
माँ किसी तारीफ की मोहताज नहीं......

**प्रियंका खन्ना**

### जनगणना-2026 के तहत मीडिया डे आयोजित, पत्रकारों ने की स्व-गणना

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** जनगणना-2026 के अंतर्गत 7 मई से 21 मई 2026 तक चलाए जा रहे स्व-गणना अभियान के तहत शुक्रवार को जनपद स्तर पर ्रमीडिया डे्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को स्व-गणना प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।्रचलो निभाएं अपनी जिम्मेदारी, करें जनगणना में अपनी भागीदारी्र संदेश के साथ जनपद के मान्यता प्राप्त एवं गैर मान्यता प्राप्त मीडिया प्रतिनिधियों ने ऑनलाइन माध्यम से स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण कर अपनी स्व-गणना पहचान संख्या (रए क्क) जनरेट की।सूचना विभाग के नरेंद्र कुमार के निर्देश पर अड्डा पत्रकारों का ग्रुप के संचालक वरिष्ठ पत्रकार नीरज चक्रपाणि, एआर शर्मा और दीपेश भारद्वाज द्वारा सभी पत्रकारों से स्व-गणना करने की अपील की गई। इसके बाद पत्रकारों ने स्व-गणना कर उसका स्क्रीनशॉट ग्रुप में साझा किया।इस दौरान कमल वार्ष्णेय, प्रशांत भारती ,अशोक रावत ,सुनील कुमार, दीपेश भारद्वाज, शम्मी गौतम ,राजू शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, मोहम्मद सलमान, जितेन्द्र कुमार, अश्वनी कुमार, नीरज चक्रपाणि, एआर शर्मा, संजय शर्मा, मयंक वशिष्ठ और दीनदयाल सारस्वत सहित जनपद के समस्त पत्रकारों ने अभियान में भागीदारी निभाई।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में ?2.44 करोड़ के ऋण खातों का निस्तारण

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय हाथरस द्वारा आयोजित ऋण निपटान अभियान को राष्ट्रीय लोक अदालत में बड़ी सफलता मिली। 9 मई 2026 को आयोजित लोक अदालत में पुराने एनपीए खाताधारकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने बकाया ऋणों का समाधान कराया।बैंक के सहायक महाप्रबंधक आर. एस. वर्मा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य आर्थिक कारणों से ऋण न चुका पाने वाले ग्राहकों को राहत प्रदान करना था। बैंक की ओर से दी गई आकर्षक सेटलमेंट योजना का लाभ उठाकर ग्राहकों ने अपने ऋण खातों का निस्तारण कराया और कानूनी प्रक्रियाओं से राहत पाई।अभियान के तहत कुल ?2 करोड़ 44 लाख की बकाया राशि का समझौता किया गया। सिकंदराराऊ तहसील क्षेत्र के ग्राहकों की सुविधा के लिए स्थानीय शाखा में अतिरिक्त काउंटर भी लगाए गए। दीवानी कचहरी और बैंक शाखाओं के समन्वय से त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया। वरिष्ठ प्रबंधक हिमांशु शर्मा ने ग्राहकों के सहयोग पर आभार व्यक्त किया।

### थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अतुल वत्स और पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा ने कोतवाली चंदपा में फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का मौके पर जाकर निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। भूमि विवादों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जांच करने तथा शिकायतों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अवैध कब्जों और अतिक्रमण के मामलों में सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संवेदनशील रवैया अपनाया जाए। थाना समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली परिसर स्थित पुस्तकालय, महिला हेल्प डेस्क और साइबर सहायता कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा छात्र-छात्राओं से संवाद भी किया।

### सरस्वती महाविद्यालय में निकला जहरीला सांप, सुरक्षित रेस्क्यू

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** शहर के आगरा रोड स्थित सरस्वती महाविद्यालय में जहरीला सांप निकलने से छात्र-छात्राओं और कॉलेज स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही जूलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश बाबू मौके पर पहुंचे और सूझबूझ के साथ सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया।डॉ. राकेश बाबू ने बिना किसी नुकसान के सांप को पकड़कर कॉलेज परिसर से बाहर निकाला और बाद में उसे प्राकृतिक वातावरण में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। घटना के बाद कॉलेज परिसर में स्थिति सामान्य हो गई।इस दौरान कॉलेज प्रशासन, छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों ने डॉ. राकेश बाबू की सराहना की। उन्होंने कहा कि सांप पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए लोगों को डर या अज्ञानता में उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए।

### जय दुर्गा धाम कॉलोनी के पास युवक का शव मिलने से सनसनी

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** सासनी कोतवाली क्षेत्र के इगलास रोड स्थित जय दुर्गा धाम कॉलोनी के पास शनिवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 25 वर्षीय हासिम पुत्र साबिर निवासी गढ़ऊआ छौड़ा के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार हासिम 2 मई से लापता था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 4 मई को कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने कॉलोनी के पास शव पड़ा देखा, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव से दुर्गंध आने के कारण आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत कई दिन पहले हो चुकी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है और मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

### व्यापार मंडल ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में मोहनगंज स्थित आर. डी. हॉस्पिटल में दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ डॉ. अनुभव राकेश सोनी ने स्वास्थ्य परामर्श दिया तथा ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर सहित विभिन्न जांचें की गईं।शिविर में बड़ी संख्या में व्यापारियों और आम नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने बताया कि समाज सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से इस तरह के शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम में व्यापार मंडल के जिला महामंत्री अनिल वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष संजीव आंधीवाल, युवा प्रदेश मंत्री राहुल गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र वार्ष्णेय सहित अनेक पदाधिकारी एवं चिकित्सक मौजूद रहे।

# महाराणा प्रताप जयंती पर प्रतिमा स्थल पर हुआ माल्यार्पण



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** नगला भुस बाईपास तिराहे पर सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर की विधायक निधि से निर्मित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप चौक एवं प्रतिमा स्थल पर महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। बताया गया कि चौक एवं प्रतिमा निर्माण की मांग लंबे समय से क्षत्रिय समाज द्वारा उठाई जा रही थी, जिसे विधायक अंजुला सिंह माहौर ने पूरा कराया।इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान, सांसद अनूप प्रधान, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाहा, गौरव आर्य, राजेश सिंह गुड्डू, बृजेश चौहान, योगेंद्र गहलोत, नीरेश सिंह, अंकुर सिसोदिया, ललिता सेंगर, अंकित गौड़, रामवीर, देवेंद्र चौहान, भूपेंद्र चौहान, भीकम सिंह चौहान, तपन जोहार, मथुरा प्रसाद गौतम, सूरज शाह, राजेंद्र धकरे, विवेक गुप्ता एवं विशेष कर्दम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भारतीय किसान संघ ने अखिल भारतीय महिला प्रमुख को सुनाई समस्यायें

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** भारतीय किसान संघ ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों पर चल रहे भारतीय किसान संघ की अखिल भारतीय महिला प्रमुख श्रीमती मंजू दीक्षित के प्रवास के दौरान प्रांत मंत्री भगवती प्रसाद शर्मा जी के सानिध्य में संघ एक बैठक सासनी ब्लॉक तहसील के सभागार में आहूत की।

शनिवार को आहूत बैठक अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह चैधरी ने की जिला अखिल भारतीय महिला प्रमुख मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती मंजू दीक्षित मौजूद रहीं। कार्रक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा मां सरस्वती के छबिचित्र. के सामने दीप जलाकर एवं पुष्पहार अर्पित कर किया गया। जिनका स्वागत जिला महिला प्रमुख श्रीमती माधवी सिंह ने अपनी महिला बहनों के साथ उनको बुके देकर एवं श्री बलराम भगवान की छवि चित्र भेंट कर किया। किसानों ने अपनी समस्याएं भी मुख्यातिथि से साझा कीं, मुख्यातिथि ने प्रत्येक ग्राम पंचायत तक ग्राम समिति गठित करने का लक्ष्य रखते हुए कहा कि किसान संघ और ज्यादा मजबूत बनाने लोगों को जोडने का अव्हान किया। साथ ही गांव का दूध उत्पादन पर चर्चा करते हुए कहा कि किसान संघ की हर डेयरी नगर एवं शहरों तक पहुंचे। किसानों को खाद रवी की फसल और खरीफ की फसल का मानक के अनुसार खाद एक बार में प्राप्त हो ताकि किसान को बार खाद के लिय लाइन मे न लगना पड़े और देशी बीज संरक्षण पर भी चर्चा हुई। इस दौरान बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष ऋषि जयसवाल, दिल्ली संघ कार्यालय प्रभारी लाल मोहन, ब्रज प्रांत के संगठन मंत्री धर्मेंद्र, प्रांत उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, ब्लाक प्रमुख श्रीमती प्रतिभा कमल माहौर, जिलाकोषाध्यक्ष सतीश बागर, जिलाउपाध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा, रघुवर दयाल शर्मा, जिला मंत्री वीरपाल, सासनी ब्लॉक अध्यक्ष शिव कुमार शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय चैधरी, जिला सहमंत्री मुकेश पाठक, ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोज मिश्रा, ग्राम समिति अध्यक्ष राम कुमार शर्मा, कासगंज महिला प्रमुख अमृता, हरेंद्र शर्मा, हसायन ब्लाक अध्यक्ष राम किशन शर्मा, ब्लाक उपाधायक्ष मानिक चंद शर्मा, संजीव शर्मा, जिला कार्यकारी सदस्य कृष्णा शर्मा, अरविंद उपाध्याय, श्रीमती मंजू कुशवाहा, श्रीमती प्रेमलता शर्मा, हेमा देवी, हेमलता, भाई-बहनें एवं किसान भाई मौजूद रहे।

## एसडीएम की अध्यक्षता में 'थाना समाधान दिवस' संपन्न, मौके पर निस्तारित हुईं शिकायतें

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** शासन के निदेर्शानुसार जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को सासनी कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी नीरज शर्मा ने की, जबकि संचालन प्रभारी निरीक्षक विपिन चौधरी ने किया.

समाधान दिवस के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं एसडीएम के समक्ष रखीं। शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए एसडीएम नीरज शर्मा ने संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. प्रभारी निरीक्षक विपिन चौधरी ने बताया कि प्राप्त शिकायतों में से अधिकांश मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। इन मामलों के स्थायी समाधान के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें गठित की गई हैं, जो मौके पर जाकर पैमाइश और अन्य कानूनी कार्रवाई कर विवादों को सुलझाएंगी। एसडीएम ने बताया की हमारा प्रयास है कि छोटी-मोटी शिकायतों का निस्तारण थाने पर ही आपसी सहमति से करा दिया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक अदालतों के चक्कर न काटने पड़ें. इस अवसर पर राजस्व विभाग के लेखपाल, कानूनगो और कोतवाली सासनी का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। समाधान दिवस में दर्ज हुई शिकायतों में से कई का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है।

## बरसें में मंदिर तोड़ने के विरोध में आक्रोश,धरने का दूसरा दिन,



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** मंदिर तोड़े जाने के विरोध में हिंदू और मुस्लिम समाज के लोग एक साथ धरने पर बैठे हुए हैं। दूसरे दिन धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि प्रशासन द्वारा इस मंदिर को क्षतिग्रस्त किया गया है और यहाँ स्थापित मूर्तियों को भी खंडित कर दिया गया है तथा उन्हें वहाँ से हटा दिया गया है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि सभी खंडित मूर्तियों को पुन: उसी स्थान पर विधिवत रूप से स्थापित किया जाए और मंदिर में जो भी अन्य संरचनाएँ या वस्तुएँ क्षतिग्रस्त हुई हैं, उनका भी पुनर्निर्माण कर पहले जैसी स्थिति बहाल की जाए। इस मौके पर त्यागी बाबा परशुराम सेवा संगठन सादाबाद, बाबा पप्पू नाथ जी, राहुल उपाध्याय अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद विभाग अध्यक्ष, मोहित बजरंगी मथुरा हरिगढ विभाग अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंगदल, दुर्गेश, हासिम, बबलू, आस मोहम्मद, पप्पू बाबा साहिब, खजान सिंह, अमजीत खान, मनोज, सखील खान, मेघ सिंह, ओम प्रकाश, मुनेश, संजय, अशोकी, जय प्रकाश, फैशन खान और अकील खान समेत सैंकड़ों लोग मौजूद रहे.

## मुठभेड़ में बदमाश घायल, पैर में गोली लगने के बाद दबोचा

**तमंचा, कारतूस, चोरी की नकदी और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद**



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** थाना मलपुरा क्षेत्र में नकबजनी और चोरी की वारदातों के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने शुक्रवार देर रात मुठभेड़ के दौरान एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस चेकिंग के दौरान भागने की कोशिश कर रहे बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लगी, जिसके बाद वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने मौके से उसे गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान श्रवण उर्फ राजू उर्फ बिहारी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार थाना मलपुरा क्षेत्र में हाल ही में हुई नकबजनी और चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रोकने का प्रयास किया गया। बताया गया है कि पुलिस को देखते ही बाइक सवार भागने लगा। पीछा करने पर उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की, जिसमें गोली अभियुक्त के पैर में जा लगी। गोली लगते ही वह घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा, जिसके बाद पुलिस ने उसे घेराबंदी कर दबोच लिया। मौके से पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस .315 बोर, चोरी की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और नकदी बरामद की है। घायल बदमाश को तत्काल उपचार के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियुक्त से गहन पूछताछ की जा रही है। उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है और आशंका है कि वह क्षेत्र में हुई अन्य चोरी और नकबजनी की वारदातों में भी शामिल रहा है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में भी जुट गई है।

## शातिर कलुआ दो किग्रा से अधिक गांजा सहित दबोचा



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को दो किग्रा से अधिक गांजा सहित दबोचकर विधिक कार्रवाइ की है।

शनिवार को प्रभारी निरीक्षक श्रीमती विपिन चैधरी के अनुसार पुलिस कप्तान चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार एएसपी रामानंद कुशवाह तथा सीओ हिमांशु माथुर के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी एवं तस्करी के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान वह संदिग्ध वाहन एवं सदिग्ध व्यक्ति चैकिंग में मय हमराह और फोर्स के मामूर थीं तभी उन्हें सटीक सूचना मिली कि सठिया मोड़ से बनगढ़ की तरफ से जाने वाले मार्ग पर एक युवक कुछ नशीला पदार्थ (गांजा) बेचने की फिराक में है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए जब पुलिस वहां पहुंची तो पुलिस को देखकर युवक भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए भाग रहे युवक को दौड लगाकद दबोच लिया और कोतवाली ले आए। जहां उसकी जामा तलाशी में पुलिस ने उसके कब्जे से दो किलो दो सौ ग्राम नशीला पदार्थ(गांजा) बरामद किया। पुलिस ने अरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की है । पूछताछ में पकडे गये अरोपी ने पुलिस को अपना नाम और पता करन उर्फ कलुआ पुत्र वीरेन्द्र सिंह उर्फ गवन्डर सिंह निवासी ग्राम बरसै बताया है। वहीं पुलिस ने बताया कि अरोपी करन उर्फ कलुआ उपरोक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है। जो पूर्व में भी जेल भेजा जा चुका है। जिसके विरूद्ध जनपद हाथरस व अन्य जनपद में हत्या, एनडीपीएस अधिनियम, चोरी, जुआ अधिनियम, गैगस्टर आदि जैसी संगीन धाराओ में करीब एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है। अरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्रीमती विपिन चैधरी मय टीम के मौजूद थीं।

## बीए छात्र का सुसाइड, दो दिन बाद कमरे से मिली डायरी ने खोले कई राज

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** शहर के बाईंपुर क्षेत्र निवासी बीए द्वितीय वर्ष के छात्र की आत्महत्या के मामले में नया मोड़ सामने आया है। छात्र की मौत के दो दिन बाद कमरे से मिली डायरी और उसमें रखे सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने एक युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले के सामने आने के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार बाईंपुर निवासी शिवांग दुबे बीए द्वितीय वर्ष के छात्र थे। परिवार का चर्च रोड स्थित मकान भी है, जहां वह अक्सर पढ़ाई करने जाया करते थे। परिजनों के मुताबिक तीन मई को शिवांग घर से पढ़ाई करने की बात कहकर चर्च रोड स्थित मकान पर गए थे। अगले दिन चार मई की सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो मकान में रहने वाले किराएदार को शक हुआ। उसने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़ा गया। अंदर का दृश्य देखकर सभी के होश उड़ गए। शिवांग का शव कमरे में फंदे पर लटका हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिवार ने गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। घटना के दो दिन बाद मामले में उस समय नया मोड़ आ गया जब कमरे की तलाशी के दौरान एक डायरी बरामद हुई। डायरी के अंदर एक सुसाइड नोट रखा मिला। मृतक के भाई शिवम दुबे ने बताया कि सुसाइड नोट में शिवांग ने अपनी मानसिक परेशानी का जिक्र किया है। उसमें लिखा गया है कि उसकी एक युवती से दोस्ती थी और युवती लगातार उस पर शादी करने का दबाव बना रही थी। सुसाइड नोट के मुताबिक युवती शादी न करने पर आत्महत्या कर उसे फंसाने की धमकी देती थी। शिवांग ने नोट में लिखा कि वह अभी शादी नहीं करना चाहता था, लेकिन लगातार मिल रही धमकियों और मानसिक दबाव के कारण वह बेहद परेशान हो चुका था। उसे कोई रास्ता समझ नहीं आ रहा था, इसलिए वह आत्महत्या जैसा कदम उठा रहा है। परिजनों ने डायरी और सुसाइड नोट पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## नौकरी दिलाने के बहाने युवती को वृंदावन बुलाकर किया दुष्कर्म, इवेंट मैनेजर गिरफ्तार

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**मथुरा।** आगरा मंडल के मथुरा जनपद स्थित वृंदावन में नौकरी दिलाने के नाम पर युवती के साथ दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दिल्ली निवासी एक युवती ने इवेंट मैनेजर पर नौकरी का झांसा देकर वृंदावन बुलाने और गेस्ट हाउस में दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने तीन महीने बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान दिल्ली के पीतमपुरा निवासी हर्ष गिरधर के रूप में हुई है, जो इवेंट मैनेजर का काम करता है।

आरोप है कि उसने दिल्ली के यमुना विहार क्षेत्र में रहने वाली युवती को नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया था। इसी बहाने वह युवती को वृंदावन लेकर आया और रमणरेती मार्ग स्थित एक गेस्ट हाउस में ठहराया। आरोप है कि वहीं आरोपी ने युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता ने दिल्ली के मंडावली थाने में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में मामला क्षेत्राधिकार के आधार पर वृंदावन कोतवाली ट्रांसफर कर दिया गया। पुलिस तभी से आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। वृंदावन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी हर्ष गिरधर को पानीघाट तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सीओ सदर पीतमपाल सिंह ने बताया कि आरोपी दिल्ली में इवेंट मैनेजर के रूप में कार्य करता है। युवती की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है। मामले में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। घटना सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। वहीं पुलिस ने युवतियों से नौकरी और करियर के नाम पर मिलने वाले अनजान ऑफर्स के प्रति सतर्क रहने की अपील की है।

# दुष्कर्म का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार, भेजा जेल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**डेरापुर (कानपुर देहात)।** जनपद में अपराध नियंत्रण और महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशन का असर दिखने लगा है। थाना बरौर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही से इलाके के अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

जंगल में दबोचकर की थी वारदात घटना मंगलवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसार, गांव की एक नाबालिग किशोरी घर से शौच के लिए निकली थी। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे एक युवक ने उसे दबोच लिया और जबरन पास के जंगल में ले गया, जहाँ उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के शोर मचाने पर जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो आरोपी उन्हें देख कर वहां से भाग निकला। मुखबिर की सूचना पर रायरामापुर गेट से दबोचा परिजनों ने तत्काल थाने पहुंचकर गांव के ही युवक शिवम (निवासी निगोही डेरा) के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा और आरोपी की तलाश में दबिश देनी शुरू कर दी। गुरुवार को इंस्पेक्टर बरौर महेश कुमार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कहीं भागने की फिराक में है। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी शिवम को रायरामापुर गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। महेश कुमार, थाना प्रभारी, बरौर का वर्जनः "महिला संबंधी अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है। विधिक कार्यवाही के बाद न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।"

# नहर में डूबने से डेढ़ वर्षीय मासूम की मौत, परिवार में मचा कोहराम

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**शिवली (कानपुर देहात)।** शिवली कोतवाली क्षेत्र के हरिकिशनपुर गांव में गुरुवार सुबह दर्दनाक हादसे में डेढ़ वर्षीय मासूम की नहर में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, हरिकिशनपुर गांव निवासी अनुज कुशवाहा का डेढ़ वर्षीय पुत्र युवराज कुशवाहा गुरुवार सुबह करीब 9 बजे रामगंगा नहर किनारे स्थित अपने घर के पास खेल रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह नहर के पानी में जा गिरा।

साथ खेल रहे बच्चों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा बच्चे की तलाश शुरू कर दी। बाद में पुलिस को भी सूचना दी गई। सूचना पर शिवली कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से सर्च ऑपरेशन चलाया गया। काफी प्रयास के बाद मासूम का शव नहर से बरामद कर लिया गया। शव बाहर निकलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। अपराध निरीक्षक शीलेंद्र यादव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# खेतों के बीच पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हत्या की आशंका से सनसनी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



मंगलपुर क्षेत्र में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब खेतों के बीच एक पेड़ से युवक का शव रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर थाना पुलिस और चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। जानकारी के अनुसार थाना मंगलपुर क्षेत्र के गढ़िया पृथ्वीराज और विजय रामपुर गांव के बीच खेतों में 48 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान डेरापुर थाना क्षेत्र के मवई मुक्ता गांव निवासी प्रमोद कुमार के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के फूफा मुहर सिंह मौके पर पहुंचे और पुलिस को पूरी जानकारी दी। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी रेखा, बेटियां दीक्षा और लाडो तथा बेटे आदित्य और अनुज को छोड़ गए हैं। परिजनों ने हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने की आशंका जताई है। मृतक के फूफा मुहर सिंह, जो भारतीय वायु सेना से सेवानिवृत्त हैं, ने बताया कि उनकी कोई संतान नहीं थी। उन्होंने प्रमोद कुमार की बड़ी बेटी दीक्षा को गोद लिया था और अपनी जमीन भी उसके नाम कर दी थी। आरोप है कि इसी बात को लेकर परिवार के कुछ लोग रंजिश मानने लगे थे और पहले भी विवाद हो चुका था। झींझक चौकी इंचार्ज उमेश शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# राजपुर पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, चार शातिर लुटेरे गिरफ्तार, दो घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



राजपुर क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत राजपुर पुलिस ने बुधवार रात नैनपुर पुलिया के पास मुठभेड़ के बाद चार शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशानुसार राजपुर पुलिस क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से बिना नंबर प्लेट की संदिग्ध औरा कार की सूचना मिली।

नैनपुर पुलिया के पास पुलिस ने कार को रोकने का प्रयास किया, तो चालक और उसके साथ बैठे व्यक्ति खेतों की ओर भागते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। बताया गया कि एक गोली थानाध्यक्ष राजपुर के कान के पास से गुजर गई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में शिवम पाल उर्फ ज्वाला सिंह और अरुण यादव घायल हो गए, जबकि कार में पीछे बैठे देशराज और अर्पित यादव को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि इसी गिरोह ने 1/2 मई की रात राजपुर क्षेत्र में एक बाइक सवार और उसकी मां को डरा-धमकाकर गहनों की लूट की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए जेवर, जिनमें पीली धातु के बाला और सफेद धातु की कमर पेटी शामिल है, ?46,800 नकद, दो अवैध तमंचे, कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त औरा कार बरामद की है। पुलिस के अनुसार आरोपी अरुण यादव पर कानपुर नगर, औरैया एवं कानपुर देहात के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, लूट और गैंगस्टर एक्ट समेत कुल 33 मुकदमे दर्ज हैं। अन्य आरोपियों पर भी हत्या प्रयास और लूट के कई मामले दर्ज बताए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जनगणना-2027 स्वगणना अभियान का शुभारंभ, जिलाधिकारी ने नागरिकों से की सहभागिता की अपील

मोर्निंग सिटी संवाददाता

माती मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर के माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार में भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत संचालित स्वगणना अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी कपिल सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं संबंधित प्रतिनिधि मौजूद रहे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं स्वगणना पोर्टल के माध्यम से अपनी स्वगणना कर अभियान की औपचारिक शुरूआत की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन को भी ऑनलाइन स्वगणना के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत सरकार की यह पहल आधुनिक, पारदर्शी एवं नागरिक सहभागिता आधारित व्यवस्था है, जिसके माध्यम से नागरिक घर बैठे स्वयं एवं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि वे 07 मई से 21 मई 2026 तक निर्धारित अवधि में पोर्टल पर जाकर अपनी स्वगणना अवश्य करें। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया सरल, सुरक्षित एवं समय की बचत करने वाली है, जिससे जनगणना के आंकड़ों की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। साथ ही प्रशासनिक योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में भी सहायता मिलेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना राष्ट्र




निर्माण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण और भविष्य की नीतियों का निर्धारण करती है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम चलाकर अधिक से अधिक लोगों को स्वगणना के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने यह भी बताया कि जिन नागरिकों को ऑनलाइन प्रक्रिया में कठिनाई हो, वे ग्राम सचिवालय, जन सुविधा केंद्र या संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट नीलिमा यादव, शालिनी उत्तम, सुरभि शर्मा, जिला आबकारी अधिकारी संजय यादव, जनगणना नोडल अधिकारी वर्तिका गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न, युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर

मोर्निंग सिटी संवाददाता



माती मुख्यालय स्थित माँ मुक्तेश्वरी देवी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्यपूर्ति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंकर्स तथा उद्योग विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ते हुए योजना का लाभ उपलब्ध कराना रहा। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य शिक्षित एवं प्रशिक्षित युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद को प्राप्त 2660 के लक्ष्य के सापेक्ष विभागवार एवं बैंकवार प्रतिमाह लक्ष्य निर्धारित कर गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए कि आवेदनकताओं को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए तथा आवेदन पत्रों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए।


जिलाधिकारी ने बैंकर्स को निर्देशित किया कि स्वीकृत आवेदनों में विलम्ब न किया जाए और ऋण वितरण प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाया जाए। वहीं उद्योग विभाग को प्रत्येक विकासखंड एवं नगरीय क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। बैठक में योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि अभियान के अंतर्गत युवक एवं युवतियों को उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में स्वरोजगार स्थापित करने हेतु अधिकतम 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण चार वर्षों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त परियोजना लागत पर 10 प्रतिशत सब्सिडी तथा छह माह की अधिस्थगन अवधि भी प्रदान की जाएगी। योजना के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी एमएसएमई विभाग की वेबसाइट एवं सीएम युवा ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। बैठक में पात्रता संबंधी जानकारी देते हुए बताया गया कि आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए तथा उसकी आयु 21 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा-8 उत्तीर्ण निर्धारित की गई है। साथ ही किसी मान्यता प्राप्त कौशल विकास प्रशिक्षण या प्रमाणपत्र का होना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि योजना की जानकारी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, जनसेवा केंद्रों, आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रचारित की जाए, ताकि अधिकाधिक युवा स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य, अग्रणी जिला प्रबंधक राकेश कुमार, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एचसीपीएल फैक्ट्री में चालक की मौत पर हंगामा, मुआवजे की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

गजनेर थाना क्षेत्र के गोगूमऊ स्थित एचसीपीएल फैक्ट्री में ट्रक चालक की मौत के बाद बुधवार को परिजनों और किसान यूनियन ने फैक्ट्री गेट पर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मृतक के परिवार को मुआवजा देने तथा फैक्ट्री में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई। जानकारी के अनुसार रसूलाबाद थाना क्षेत्र के धर्मपुर निवासी 42 वर्षीय अर्जुन अवस्थी एचसीपीएल फैक्ट्री में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत थे। मंगलवार को फैक्ट्री परिसर के भीतर ट्रक की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शव को फैक्ट्री गेट पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसान




यूनियन के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में टैंकर चालकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए गए। प्रदर्शनकारियों ने मृतक परिवार को आर्थिक सहायता देने, फैक्ट्री परिसर में सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग की। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी पामा मोहन वीर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। काफी देर चली वार्ता के बाद फैक्ट्री प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को ढाई लाख रुपये मुआवजा देने तथा बीमा की राशि दिलाने का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद परिजन शांत हुए और शाम करीब छह बजे शव लेकर अंतिम संस्कार के लिए अपने पैतृक गांव रवाना हो गए। अकबरपुर सदर क्षेत्राधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बन गई है तथा आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



सिकंदरा (कानपुर देहात)। थाना सिकंदरा क्षेत्र के सदरापुर गांव के पास मुगल रोड पर सोमवार रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बाइक से विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे दो लोगों को पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, जालौन जनपद के थाना सिरसा कलार क्षेत्र के सरेनी गांव निवासी देवेंद्र सिंह (50) पुत्र कन्नौजी सिंह तथा इंद्रपाल (55) पुत्र रामसेवक बाइक से गेस्ट हाउस जा रहे थे। तभी सदरापुर गांव के पास पीछे से आई डीसीएम ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद दोनों घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज भेजा गया। गंभीर हालत में देवेंद्र सिंह को परिजन निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं इंद्रपाल का उपचार जिला मेडिकल कॉलेज में जारी है। थाना प्रभारी निरीक्षक जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। टक्कर मारने वाली डीसीएम की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एसपी श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने भोगनीपुर में किया पैदल गस्त, नागरिकों से किया जनसंवाद



**मोर्निंग सिटी संवाददाता** भोगनीपुर में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय द्वारा पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आलोक प्रसाद, क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर एवं यातायात राजीव सिरोही, प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने कस्बे के विभिन्न मार्गों, चौक-चौराहों, बाजारों एवं संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों से संवाद स्थापित कर कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की गई। जिन प्रतिष्ठानों पर कैमरे नहीं लगे थे, वहां दुकानदारों से सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील की गई। नागरिकों द्वारा दिए गए सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। एसपी श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने नागरिकों एवं व्यापारियों को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन उनकी जान-माल एवं सम्मान की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, आपराधिक घटना अथवा अप्रिय स्थिति की सूचना तत्काल संबंधित थाना या डायल 112 पर दें।

# स्व-जनगणना के पहले चरण की शुरूआत, प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने कराया ऑनलाइन पंजीकरण

**मोर्निंग सिटी संवाददाता इटावा।** भारत की जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-जनगणना अभियान के पहले चरण की शुरूआत 7 मई से हो गई है, जो 21 मई तक संचालित किया जाएगा। इसी क्रम में शनिवार को नेविल गंज स्थित प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने लेखपाल विपिन कुमार की उपस्थिति में ऑनलाइन माध्यम से स्व-जनगणना कर अपने एवं अपने परिवार का विवरण पोर्टल पर दर्ज कराया। लेखपाल विपिन कुमार ने बताया कि स्व-जनगणना व्यवस्था के तहत आम नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपना और अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से निर्धारित अवधि के भीतर अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है तथा लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाया जा रहा है। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष कुंवर महेश सिंह कुशवाह, महामंत्री अमित कुमार रौली, कोषाध्यक्ष इशरत अब्बासी, जगपाल सिंह कुशवाह, विष्णु राठौर, अतुल पोरवाल, ललित जादौन, संतोष गोस्वामी, शिवम् गोस्वामी, जितेंद्र कुमार, मनीष गुप्ता, सागर पोरवाल तथा नगर पालिका कर्मी आदित्य प्रताप सिंह भदौरिया और मायक श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**मोर्निंग सिटी संवाददाता महोबा।** महोबा जनपद में कुदरत का कहर देखने को मिला, जहां आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। घटना कबरई थाना क्षेत्र के राजीव नगर की है, जहां 51 वर्षीय किसान जगमोहन कुशवाहा अपने खेत में आम के बाग की रखवाली कर रहे थे। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार, जगमोहन कुशवाहा रोज की तरह अपने खेत पर गए थे। सुबह अचानक मौसम बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए वह आम के एक घने पेड़ के नीचे बैठ गए। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली सीधे पेड़ पर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से किसान गंभीर रूप से झुलस गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी उस समय हुई जब मृतक का भतीजा चंद्रभान दोपहर का भोजन लेकर खेत पहुंचा। वहां अपने चाचा को जमीन पर पड़ा देख उसके होश उड़ गए। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई राजाराम और भतीजे अशोक ने बताया कि जगमोहन परिवार के मुख्य सहारा थे। उनकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# महिला की मौत के मामले में आरोपी गिरफ्तार, आलाकत्ल डंडा बरामद



**मोर्निंग सिटी संवाददाता रनिया (कानपुर देहात)।** महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम एवं खुलासे के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना रनियां पुलिस ने महिला की मौत के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, थाना रनियां क्षेत्र के ग्राम आँट निवासी सतीश कुमार त्रिवेदी पुत्र स्वर्गीय रामआधार त्रिवेदी ने 30 अप्रैल को थाना रनियां में लिखित प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप था कि 14 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे उनकी पत्नी कमला देवी घर के अंदर खाना बना रही थीं। उसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते पड़ोसी अरविन्द पुत्र ओमप्रकाश ने उनके सिर पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गईं। घटना के दौरान प्रेमा देवी और पंकज बचाने दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घायल कमला देवी को उपचार के लिए कानपुर के पानेसिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 25 अप्रैल को उनकी मृत्यु हो गई। मामले में थाना रनियां पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 67/2026 धारा 105/351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को आरोपी अरविन्द को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया तथा घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# वेतन न मिलने से भड़के बिजली मीटर रीडर, कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**मोर्निंग सिटी संवाददाता महोबा।** महोबा में बिजली विभाग के मीटर रीडरों का सब्र आखिरकार जवाब दे गया। पिछले तीन महीनों से वेतन न मिलने और कंपनी पर शोषण के आरोपों से नाराज दर्जनों मीटर रीडरों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए बकाया वेतन और भत्तों की मांग की तथा चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने तक वे कार्य का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। मीटर रीडरों का कहना है कि मार्च माह से उन्हें वेतन नहीं मिला है, जबकि इससे पहले नवंबर और दिसंबर का भुगतान भी लंबित रहा। प्रदर्शन में शामिल कौशल किशोर, योगेश, अमित, अनूप शुक्ला समेत कई कर्मचारियों ने बिजली विभाग और संबंधित कंपनी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उन्हें बिलिंग कार्य के लिए 20 से 50 किलोमीटर तक दूरदराज क्षेत्रों में जाना पड़ता है, लेकिन पेट्रोल और मोबाइल खर्च भी खुद वहन करना पड़ रहा है। लगातार वेतन न मिलने से आर्थिक संकट गहरा गया है और अब बाइक में पेट्रोल भरवाने तक के पैसे नहीं बचे हैं। मीटर रीडरों ने कंपनी पर भुगतान में अनियमितता का भी आरोप लगाया। उनका कहना है कि सैलरी स्लिप में प्रति बिल 16 रुपये दर्शाए जाते हैं, जबकि वास्तविक भुगतान मात्र ढाई रुपये प्रति बिल के हिसाब से किया जा रहा है। पूरे महीने मेहनत करने के बाद भी उन्हें केवल 4 से 5 हजार रुपये ही मिल पाते हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि जब भी वेतन और सुविधाओं की मांग उठाई जाती है तो कंपनी के अधिकारी नौकरी से निकालने और एफआईआर दर्ज कराने की धमकी देते हैं। साथ ही उन्हें न तो पीएफ की सुविधा दी जा रही है और न ही यात्रा भत्ता।

# पुलिस मुठभेड़ में अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का पदार्फाश, तीन गिरफ्तार

**मोर्निंग सिटी संवाददाता महोबा।** महोबा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चरखारी थाना पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान जवाबी फायरिंग में दो बदमाश घायल हो गए, जबकि कुल तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से चोरी की ट्रैक्टर-ट्रॉली, तीन अन्य संदिग्ध ट्रैक्टर, अवैध तमंचे और कारतूस बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, 30 अप्रैल की रात चरखारी क्षेत्र के रायनपुर निवासी दीनदयाल का महिंद्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीमों का गठन किया था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी की गई ट्रैक्टर-ट्रॉली को बेचने के लिए कुछ बदमाश मध्य प्रदेश की ओर जाने वाले हैं।

# सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन



मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज/अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा के कैंप कार्यालय पर गुरुवार को सैकड़ों लोग बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। अमांपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कमपुर निवासी बसपा सेक्टर अध्यक्ष चन्द्रसेन ने सैकड़ों समर्थकों संग अब भाजपा का दामन थाम लिया है। चन्द्रसेन ने कहा कि वो भाजपा की नीतियों को देखकर पार्टी में शामिल हुए हैं। क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्माए भाजपा जिला महामंत्री संजय सोलंकीए आचार्य विनय प्रताप सोलंकी ने सभी लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। बसपा सेक्टर अध्यक्ष चन्द्रसेन, ब्रह्मपाल सिंह, सत्यप्रकाश, श्रीपाल सिंहए कैलाश, मानसिंह, वीरपाल सिंह, महेंद्र सिंह, शिव सिंहए नौवतरामए कुंवर पाल, मेवाराम, भुल्लन, वीरपाल, हरपाल, प्रेमपाल, कैलाश बाबू, वीपी सिंह, मनोज कुमार, मान सिंहए अजब सिंह, सौदान सिंह, सुखबीर आदि ने बसपा छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने बताया कि भाजपा सबका साथ सबका विकास चाहती है। और बिना भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजपाल सिंहए विनय प्रताप सोलंकी, भाजपा मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह, भाजपा मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, पुष्पेंद्र आरएसएस, तिर्मल सिंह, भीमसेन कश्यप, दिनेश कुमार, संजय वर्मा, पुण्यप्रताप सिंह, एडवोकेट प्रवीन गोस्वामी, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव सम्पंन



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव न्यालालय परिसर में गुरूवार को शांतिपूर्ण माहौल में भारी पुलिस बल की मौजूदगी में संपन्न हुए। मतदान सुबह 10 बजे निर्धारित समय पर शुरू हुआ और अधिवक्ताओं में मतदान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कुल 435 मतदाताओं में से 384 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

अध्यक्ष पद के लिए कैलाश राजपूत, योगेश शर्मा और मोरध्वज राजपूत मैदान में रहे। वहीं महासचिव पद पर दुष्यन्त गौतमए पंकज चतुवेर्दीए राजेश यादवए अजीत भारद्वाज और स्वतंत्र कुमार सैनी के बीच मुकाबला हुआ। चुनाव को लेकर पूरे दिन कचहरी परिसर में गहमागहमी बनी रही और प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं को साधने में जुटे रहे। सूत्रों के अनुसार अध्यक्ष पद पर कैलाश राजपूत और योगेश शर्मा के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा हैए जबकि महासचिव पद पर दुष्यन्त गौतम अन्य प्रत्याशियों से आगे बताए जा रहे हैं। मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। अब अधिवक्ताओं की निगाहें मतगणना और चुनाव परिणामों पर टिकी हुई हैं।

# एसपी ने किया थाना अमांपुर का औचक निरीक्षण

## अभिलेखों, सीसीटीवी कैमरे एवं व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा , नव नियुक्त आरक्षियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण की समीक्षा कर संबंधित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** पुलिस कप्तान ओमप्रकाश सिंह द्वारा थाना अमापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम मिशन शक्ति कक्ष एवं आगंतुक रजिस्टर का अवलोकन कर अभिलेखों की स्थिति का परीक्षण किया गया। तत्पश्चात थाना कार्यालय में मालखाना रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, एचएस रजिस्टर, आईजीआरएस रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का गहन परीक्षण करते हुए उनमें पाई गई कमियों के त्वरित निराकरण एवं समस्त अभिलेखों को अद्यावधिक रखते हुए सुव्यवस्थित रख.रखाव सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। साथ ही बैरक, बंदीगृह, भोजनालय, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया तथा थाना परिसर की साफ.सफाई सुदृढ़ बनाए रखने एवं समुचित रख.रखाव सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त मालखाना में लंबित माल के शीघ्र निस्तारण हेतु भी आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

### थाना पर नव नियुक्त आरक्षियों के प्रशिक्षण की भी समीक्षा

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने पर तैनात नव नियुक्त आरक्षियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण की समीक्षा की गई तथा प्रशिक्षण के संबंध में संबंधित को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए। इस दौरान बीट प्रणाली, अभिलेख संधारण, जनसुनवाई, कानून-व्यवस्था ड्यूटी एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया से संबंधित उनकी जानकारी परखी गई तथा सुधारात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। रिक्रूट आरक्षियों से वार्ता कर उन्हें अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, टीमवर्क एवं जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली को प्रभावी ढंग से समझते हुए फील्ड में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को अनुशासनए कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया तथा आमजन से संवाद बढ़ाने, शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं पुलिस की सकारात्मक छवि को और सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सहावर शाहिदा नसरीन, थाना प्रभारी अमापुर दिनेश सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप जयंती एवं भव्य शोभायात्रा 9 मई शनिवार को महाराणा प्रताप चोक में

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**गंजडुंडवारा।** नगर के महाराणाप्रताप चोक में 9 मई शनिवार को दोपहर 2 बजे वीर छत्रिय शिरोमणि महाराणाप्रताप जयंती मनाई जाएगी जिनकी भव्य शोभायात्रा रेलवे रोड स्तिथि प्राचीन दुर्गा मंदिर से निकाली जाएगी एजो नगर के मुख्य मुख्य मार्गो से होकर वापिस दुर्गा मंदिर पहुँचेगी वीर छत्रिय शिरोमणी समिति ने नगरवासियों से शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है ।जिसकी जानकारी पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रामकुमार सिंह ने दी है।

# अवैध शराब समेत युवक गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** पुलिस अधीक्षक ओ.पी. सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चैहान के नेतृत्व में थाना कासगंज पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त प्रदीप जयप्रकाश पुत्र राजेन्द्र बहादुर निवासी मौ0 खेडिया थाना व जनपद कासगंज को अवैध देशी शराब के साथ शारदा जौहरी नगर पालिका कन्या महाविद्यालय के पीछे से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है ।अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आबकारी अधि. के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई है ।

# पुलिस ने 20 लीटर अबैध कच्ची शराब समेत 04 अभियुक्त किये गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** पुलिस अधीक्षक कासगंज ओ.पी. सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे। अभियान के क्रम में चैकिंग के दौरान थाना पटियाली पुलिस व थाना सुन्नगढी पुलिस द्वारा अलग द अलग स्थानों से 20 लीटर अबैध कच्ची शराब सहित 04 अभि0गण को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अभि0गण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना पटियाली व थाना सुन्नगढी पर आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी है ।

# चेहका गुनार की शोभायात्रा में उपद्रव करने वाले महिला समेत दो आरोपी गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** पुलिस अधीक्षक कासगंज ओ0पी0 सिंह के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज सुशील कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सहावर शाहिदा नसरीन के नेतृत्व में वांछित अभि0गण की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 14.04.2026 को ग्राम चेहका गुनार में डॉ बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर जी की शोभायात्रा में उपद्रव करने की घटना में वांछित 02 अभियुक्तगण आकाश पुत्र बदन सिंह निवासी चेहका गुनार थाना सहावर जनपद कासगंज, सोनप्यारी पत्नी मुकेश निवासी ग्राम चेहका गुनार थाना सहावर जनपद कासगंज को ग्राम चेहका गुनार के पास से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है, गिरफ्तार अभि0गण के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है ।

# पुलिस ने एक बाल अपचारी किशोर को लिया हिरासत

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** पुलिस अधीक्षक कासगंज ओ.पी. सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज सुशील कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी नगर आंचल चैहान के नेतृत्व में कोतवाली कासगंज पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान एक बाल अपचारी किशोर को पुलिस हिरासत में लिया गया है, कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है।

# एएमयू ने किया जल जीवन मिशन के ग्रामीण क्षेत्रों का आकलन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सोशल वर्क विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार की हर घर जल पहल के सामाजिक आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों का आकलन करने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत एक व्यापक प्रभाव अध्ययन शुरू किया गया है। इस अध्ययन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता से जीवन स्तर में आए बदलाव का विश्लेषण करना है। इस अध्ययन का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से फंक्शनल हाउस होल्ड टाइप कनेक्शन के माध्यम से घर-घर जलापूर्ति के प्रभाव को केंद्र में रखकर किया जा रहा। इसमें अलीगढ़ मंडल जनपद कासगंज के गांव में लोगों के जीवन की गुणवत्ता स्वास्थ्य स्थिति और सामाजिक परिवर्तनों का मूल्यांकन किया जाएगा। इसके लिए जिला परियोजना प्रबंधन इकाई डीपीएमयू एवं उत्तर प्रदेश जल निगम य ग्रामीणद्ध के अधिकारियों के साथ संबंध में बैठक आयोजित की गई ताकि अध्ययन का प्रभावित करें आनंद सुनिश्चित किया जा सके। परियोजना में प्रोफेसर नसीम अहमद खान डॉक्टर मोहम्मद ताहिर डॉक्टर कुर्रतुलन अली डॉ मोहम्मद आरिफ डॉ सनसैफ डॉक्टर दिलीप डॉ मोहम्मद यूजर डॉक्टर समीरा खानम और डॉक्टर अनम आफताब शामिल हैं। इनके अलावा शोध सहायक डॉक्टर ताहा फातिमा और मोहम्मद समीर खान तथा फील्ड समन्वयक मोहम्मद बिलाल खान हम्जा अली मुजफ्फर हाशमी अब्दुल हन्नान मास फारूक और मोहम्मद मोहसिन भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा अध्ययन में जल आपूर्ति संरचना की स्थिति स्थिरता ग्राम जल एवं सुरक्षा समितियां की कार्यप्रणाली और जल गुणवत्ता निगरानी तंत्र की भी समीक्षा की जाएगी।

# गायत्री पब्लिक स्कूल में इको विजन प्रदर्शनी का आयोजन, विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** पर्यावरण संरक्षण, वैज्ञानिक सोच और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को गायत्री पब्लिक स्कूल की दोनों शाखाओं यूनिट-1 वजीरपुरा रोड तथा यूनिट-2 शास्त्रीपुरम् में भव्य इको एग्जीबिशन इको विजन का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, हरित ऊर्जा, तकनीकी नवाचार और सतत विकास से जुड़े विषयों पर आकर्षक मॉडल एवं चार्ट प्रस्तुत कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में यूनिट-1 वजीरपुरा रोड में कक्षा 3 से कक्षा 10 तक तथा यूनिट-2 शास्त्रीपुरम् में कक्षा 3 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यालय परिसर को विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए वैज्ञानिक एवं पर्यावरणीय मॉडल से सजाया गया था, जिसने अभिभावकों एवं अतिथियों का ध्यान आकर्षित किया। यूनिट-1 वजीरपुरा रोड शाखा में विद्यालय की प्रधानाचार्या बीना उपाध्याय एवं निर्णायक मंडल के सदस्य संगीता भटनागर (गवर्निंग बॉडी सदस्य, स्पीहा, दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट), राहुल भटनागर (ज्वाइंट सेक्रेटरी, स्पीहा एनजीओ) तथा डॉ. अल्पना ओझा (एसोसिएट प्रोफेसर, फिजिक्स, आगरा कॉलेज) ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

# सहावर नगर पंचायत में तीन मनोनीत सभासदों ने ली शपथ



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** सहावर नगर पंचायत सभागार में गुरुवार को नगर पंचायत के शासन द्वारा तीन नवनियुक्त मनोनीत सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। क्षेत्रीय विधायक हरिओम वर्माए एसडीएम सहावर एसएन त्रिपाठी एवं ईओ अजय कुमार निषाद ने मनोनीत सभासदों को उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मनोनीत सभासद गौरी शंकरए योगेंद्र सिंह और रमेश ने शपथ ग्रहण की। सभी नवनियुक्त सभासदों ने अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। एसडीएम एस एन त्रिपाठी ने कहा कि नगर पंचायत के विकास कार्यों को गति देने के लिए सभी सभासदों का सहयोग की आवश्यकता है। नगर पंचायत अध्यक्ष नाशी खान ने सभी मनोनीत सभासदों का स्वागत कर शपथ ग्रहण की बधाई दी तथा नगर पंचायत के विकास कार्यों में सहभागिता की अपील की। इस मौके पर भाजपा वरिष्ठ नेता दिनकर राव चतुवेर्दी, डॉ भूदेव सिंह राजपूत, अनिल गुप्ता, अशोक कुमार वार्ष्णेय, हरभान सिंह, विवेक कुमार, त्रिमल सिंहए यादवेंद्र वार्ष्णेय, हरपाल सिंह, सुबोध कुमार, असलम कुरैशी, फैसल खान, यासीन खान आदि लोग मौजूद रहे।

# मौत बांट रहे ट्रांसफॉर्मर, लेकिन जिम्मेदारों की आंखों पर पट्टी !

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** शहर में बिजली ट्रांसफॉर्मरों के चारों ओर तेजी से बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण अब लोगों की जान के लिए बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। न्यू आगरा, दिल्ली गेट, ईदगाह कॉलोनी, पीपल मंडी समेत कई इलाकों में ट्रांसफॉर्मरों के आसपास दुकानें, फूड स्टॉल, जूस कॉर्नर, पंचर की दुकानें और अन्य अस्थायी कब्जे खुलेआम संचालित हो रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच ट्रांसफॉर्मरों पर बढ़ते लोड और उनके आसपास जमा हो रहे अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ट्रांसफॉर्मरों के चारों ओर अवैध कब्जों की जानकारी होने के बावजूद नगर निगम और संबंधित विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि संवेदनशील स्थानों पर इस तरह के कब्जे आखिर किसके संरक्षण में चल रहे हैं। कई स्थानों पर ट्रांसफॉर्मरों के बिल्कुल पास गैस सिलेंडर और ज्वलनशील सामग्री तक रखी जा रही है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

बढ़ती गर्मी में बिजली ट्रांसफॉर्मरों पर अतिरिक्त लोड पड़ रहा है। ऐसे में ओवरहीटिंग या स्पार्किंग की स्थिति में आग लगने या धमाके जैसी घटनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से स्थायी समाधान के लिए प्रभावी अभियान नजर नहीं आ रहा। टोरेंट पावर के पीआरओ भूपेंद्र ने बताया कि ट्रांसफॉर्मरों के आसपास इस प्रकार की गतिविधियां बेहद खतरनाक हैं। विभाग की ओर से कई बार नोटिस जारी किए गए और टीम भेजकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी कराई गई, लेकिन कुछ समय बाद फिर कब्जे हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रांसफॉर्मरों के आसपास किसी भी प्रकार की दुकान या निर्माण सुरक्षा मानकों के खिलाफ है।

उधर पावर कॉर्पोरेशन की गाइडलाइन में भी स्पष्ट रूप से ट्रांसफॉर्मरों के आसपास सुरक्षित दूरी बनाए रखने और किसी भी प्रकार के अतिक्रमण पर रोक के निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद शहर के कई क्षेत्रों में नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा होने पर उसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल होगा। लोगों ने प्रशासन, नगर निगम और बिजली विभाग से संयुक्त अभियान चलाकर ट्रांसफॉर्मरों के आसपास से अतिक्रमण हटाने और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मानकों को ताक पर रखकर कराया जा रहा गेट निर्माण

## स्कूल के मुख्य द्वार पर मकान जैसा गेट लगाने से भड़के बाजार के लोग

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज/अमांपुर।** कस्बे के बाहरद्वारी स्थित कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर कराए जा रहे गेट निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है। आरोप है कि विद्यालय के गेट का निर्माण निर्धारित मानकों और शैक्षिक भवनों की गरिमा के अनुरूप नहीं कराया जा रहाए बल्कि स्कूल के मुख्य द्वार पर मकान में लगाए जाने वाले साधारण गेट को स्थापित कर दिया गया है।स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि विद्यालय का प्रवेश द्वार किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान होता हैए लेकिन यहां जो गेट लगाया जा रहा है वह न तो विद्यालय की गरिमा के अनुरूप है और न ही उसकी संरचना सरकारी मानकों पर खरी उतरती दिखाई दे रही है। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता की भी अनदेखी की जा रही है।बाजार के लोगों ने बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं और अभिभावकों के लिए आकर्षक एवं मजबूत मुख्य द्वार बनाया जाना चाहिए था, लेकिन जिम्मेदारों ने खानापूर्ति करते हुए साधारण मकाननुमा गेट लगवा दिया। इससे विद्यालय की छवि भी प्रभावित हो रही है।स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से निर्माण कार्य की जांच कराकर मानक के अनुरूप विद्यालय का मुख्य द्वार बनवाए जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही मामले में सुधार नहीं कराया गया तो वह उच्चाधिकारियों से शिकायत कर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# कलेक्ट्रेट सभागार में भारत की जनगणना-2027 के उपलक्ष्य में स्व.गणना कार्यक्रम आयोजित

मोर्निंग सिटी संवाददाता





**कासगंज।** भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना हेतु उत्तर प्रदेश में 07 मई 2026 से प्रारम्भ स्व.गणना यैमर्सा म्दनउमतंजपवदद्ध प्रक्रिया के तहत कलेक्ट्रेट कासगंज स्थित रूद्राक्ष सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने स्वयं की स्व.गणना कर अभियान का शुभारम्भ किया तथा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक लोगों को स्व.गणना हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया हैए जिसके आधार पर विकास योजनाओं का निर्माण एवं क्रियान्वयन किया जाता है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे अपने विभागीय कर्मचारियों के साथ.साथ आसपास के आम जनमानस को भी स्व.गणना के प्रति जागरूक करें तथा व्यापक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित करें। स्व.गणना पूर्ण करने के उपरांत जिलाधिकारी ने सेल्फी प्वाइंट पर फोटो क्लिक कराकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को डिजिटल माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कराने की प्रक्रिया के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी दिग्विजय प्रताप सिंह, जिला जनगणना प्रभारी एस0एन0 यादवए मास्टर ट्रेनर/खण्ड शिक्षा अधिकारी राज कुमार सिंह, आशुलिपिक जिलाधिकारी जयवीर सिंह, जनगणना लिपिक नीरज कुमार, पंकज कुमार, आयुष्मान तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम और एसपी ने किया जिला जले का स्थलीय निरीक्षण



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह द्वारा जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कारागार की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया तथा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की स्थिति का मूल्यांकन किया। इस दौरान उन्होंने पुरुष, महिला एवं किशोर बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों से संवाद स्थापित किया और उन्हें प्रदान की जा रही मूलभूत सुविधाओं, खानपान एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि शासन द्वारा निर्धारित सभी सुविधाएं समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से बंदियों को उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने रसोईघर का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता की स्थिति का परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति, साफ-सफाई एवं मुलाकाती पंजिका का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि कारागार में स्वच्छता, सुरक्षा एवं बंदियों के अधिकारों का विशेष ध्यान रखा जाए।



# दादासाहेब फाल्के की बायोपिक क्यों रुकी? आमिर ने बताई वजह

करीब एक साल पहले आमिर खान और राजकुमार हिरानी ने भारतीय सिनेमा के जनक दादासाहेब फाल्के पर बायोपिक बनाने का एलान किया था। इस घोषणा के बाद फिल्म को लेकर काफी उत्साह था, लेकिन अब इस प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है।

'स्क्रिप्ट से खुश नहीं, इसलिए फिलहाल रोक दी फिल्म'

अमर उजाला से बातचीत में आमिर खान बताते हैं, 'दादासाहेब फाल्के की कहानी बहुत ही इंस्पिरेशनल है, जिस पर राजू काम कर रहे थे। उन्होंने इसके तीन ड्राफ्ट बनाए, लेकिन अभी तक वो स्क्रिप्ट से पूरी तरह खुश नहीं हैं। इसलिए उन्होंने इस फिल्म को फिलहाल बैक बर्नर पर रख दिया है। हो सकता है कि आगे चलकर वो इस पर दोबारा काम करें। फिलहाल इस वक्त राजू '3 इडियट्स 2' पर काम कर रहे हैं। मैंने उसकी कहानी सुनी है, बहुत अच्छी बनी है और अभी उस पर आगे काम चल रहा है।'

## '10 साल बाद लौटेंगे '3 इडियट्स' के किरदार'

वह बताते हैं, 'ये बहुत ही अनोखी कहानी है। इसमें '3 इडियट्स' के किरदारों की कहानी दिखाई जाएगी, लेकिन करीब दस साल बाद की। यह एक बहुत खूबसूरत कहानी है, जिसे अभिजात और राजू ने बहुत अच्छे से लिखा और सोचा है।' आमिर मुस्कुराते हुए कहते हैं, 'तो एक बार फिर मुझे फुनसुख वांगडू के उस किरदार में उतरना पड़ेगा।'

## 'सितंबर या अक्टूबर से शुरू हो सकती है मेरी अगली फिल्म'

अपने आगे के प्लान को लेकर आमिर कहते हैं, 'मैं पिछले आठ महीनों से कई स्क्रिप्ट्स सुन रहा हूं। 'एक दिन' के रिलीज होने के बाद मैं अपने करियर पर थोड़ा फोकस करूंगा। कई कहानियां हैं जो मुझे पसंद आई हैं।' वह आगे कहते हैं, 'अभी मैंने तय नहीं किया है कि कौन सी फिल्म करूंगा, लेकिन अगले एक-दो हफ्तों में, ज्यादा से ज्यादा एक महीने में फैसला ले लूंगा। मेरा अनुमान है कि इस साल के सितंबर या अक्टूबर से शूटिंग शुरू हो जाएगी।'



# पवन सिंह से ब्रेकअप के बाद फिर इश्क में पड़ीं अक्षरा सिंह

अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने हाल ही में अपनी लव लाइफ पर बात की है। एक वक्त में उनके प्यार के चर्चे भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार पवन सिंह के साथ थे। दोनों का अफेयर रहा, मगर बाद में इनके बीच दूरियां आ गईं और ब्रेकअप हो गया। इतना ही नहीं, यह रिश्ता एक बुरे मोड़ पर टूटा था। अक्षरा ने पवन सिंह पर कई आरोप भी लगाए। हालांकि, पवन सिंह से ब्रेकअप के बाद एक्ट्रेस अब आगे बढ़ गई हैं। उनकी जिंदगी में फिर से प्यार ने दस्तक दी है।

अक्षरा बोलीं- 'भूतकाल पर थोड़ी अटकी रहूंगी'

अक्षरा सिंह ने हाल ही में यूट्यूब चैनल जिंदाबाद को दिए इंटरव्यू में अपने करियर और जिंदगी को लेकर कई दिलचस्प बातें साझा कीं। इस दौरान उनसे सवाल किया गया कि क्या उन्हें दोबारा प्यार नहीं हुआ? इस पर अक्षरा ने मुस्कुराते हुए कहा, 'हुआ है ना। चल रहा है। दोबारा क्या होता है, जो पुराना हो गया वो तो भूतकाल में चला गया। अभी मैं भविष्य की चिंता करूंगी, वर्तमान की चिंता करूंगी या भूतकाल पर अटकी रहूंगी'।

## किसे डेट कर रही हैं अक्षरा सिंह?

बातचीत के दौरान अक्षरा ने बताया कि वे एक अनजान शख्स को डेट कर रही हैं। उन्होंने उस शख्स की पहचान उजागर नहीं की। उन्होंने कहा कि वे किसी की नजर नहीं चाहतीं। अक्षरा ने कहा, 'हां मैं प्यार में हूं, लेकिन अभी टाइम है। फिलहाल मैं प्यार के प पर पहुंची हूं। थोड़ा प्रोसेस होने दीजिए, फिर मैं सब बताऊंगी'। अक्षरा सिंह ने आगे कहा कि बिना प्यार के कोई नहीं रह सकता।

## मुझे नजर बहुत जल्दी लगती है

प्यार का नाम पूछे जाने पर एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे नजर बहुत जल्दी लगती है। अगर मैंने नाम बता दिया और नजर लग गई तो? शादी का अभी नहीं पता, लेकिन पहले जिनसे प्यार हुआ है उन्हें जान लें। बहुत सी चीजें हैं, वो जब समझ आ जाएंगी तब देखा जाएगा शादी का'। अक्षरा ने कहा कि अभी शुरुआती दौर है, वे खुद अभी फिगर आउट कर रही हैं। बता दें कि एक टाइम पर अक्षरा और पवन सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री में चर्चित कपल थे। मगर, साल 2018 में पवन सिंह ने कथित तौर पर अक्षरा को धोखा देकर ज्योति सिंह से शादी कर ली। अक्षरा ने पवन सिंह पर कई आरोप लगाए थे। फिलहाल पत्नी ज्योति सिंह के साथ भी पवन सिंह का विवाद कोर्ट में चल रहा है।

# इसी साल शुरू होगी रणवीर स्टारर 'प्रलय' की शूटिंग



अभिनेता रणवीर सिंह 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' की जबरदस्त सफलता के बाद अब दर्शकों को अपकमिंग फिल्म 'प्रलय' के रूप में एंटरटेनमेंट का नया डोज देने को तैयार हैं। 'प्रलय' की शूटिंग इस साल अगस्त से शुरू होने वाली है। हाल ही में कुछ रिपोर्टों में दावा किया गया था कि रणवीर सिंह और निर्देशक जय मेहता के बीच क्रिएटिव मतभेदों के कारण फिल्म में रुकावट आ गई है, लेकिन फिल्म से जुड़े सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। जानकारी के अनुसार, 'प्रलय' को लेकर फैलाई जा रही अनिश्चितता वाली खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं। सूत्र के अनुसार, फिल्म का प्री-प्रोडक्शन काम पहले ही शुरू हो चुका है और रणवीर सिंह व निर्देशक जय मेहता स्क्रिप्ट को अंतिम रूप देने में लगातार चर्चा कर रहे हैं।



# 'वाराणसी' की वजह से इस साल मेट गाला में नहीं शामिल होंगी प्रियंका चोपड़ा

प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' की शूटिंग में बिजी हैं। इस वजह से उन्होंने कई प्रोग्रामों में जाना रद्द कर दिया है। खबरें हैं कि काम के चलते वह इस साल मेट गाला में नहीं शामिल होंगी। यह बात इसलिए ज्यादा ध्यान खींच रही है क्योंकि रेड कार्पेट से उनका गहरा जुड़ाव रहा है। पिछले कुछ वर्षों में मेट गाला में प्रियंका दुनिया भर से आने वाले सबसे जाने-पहचाने चेहरों में से एक रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियंका चोपड़ा मेट गाला 2026 में शामिल नहीं होंगी। यह इवेंट 4 मई को न्यूयॉर्क के मेट्रोपोलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में होने वाला है। ब्रिटिश वोग के मुताबिक जब मेट गाला का प्रोग्राम चल रहा होगा तब वह शायद अंटार्कटिका में 'वाराणसी' की शूटिंग कर रही होंगी। मई के पहले सोमवार को अभिनेत्री बिजी हो सकती हैं।

## खलेगी प्रियंका की गैरमौजूदगी

पिछले कुछ वर्षों में प्रियंका चोपड़ा ने मेट गाला में कई यादगार अपीयरेंस दिए हैं। अपने शानदार ट्रेंच कोट गाउन से लेकर बोल्ड काउचर लुक्स तक, वह लगातार रेड कार्पेट पर सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाली सेलिब्रिटीज में से एक रही हैं। उनके अपीयरेंस अक्सर ग्लोबल पॉप कल्चर की बातचीत का हिस्सा बन जाते हैं। इस वजह से इस साल उनकी गैर-मौजूदगी महसूस की जाएगी।

## 'वाराणसी' के बारे में

आपको बता दें कि प्रियंका चोपड़ा जल्द ही एसएस राजामौली की फिल्म 'वाराणसी' में नजर आने वाली हैं। वह इसकी शूटिंग में बिजी हैं। इस फिल्म में उनके साथ महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन होंगे। यह फिल्म 7 अप्रैल 2027 को रिलीज हो सकती है।



# जल्द ही खाकी वर्दी में अपना 'कर्तव्य' निभाते नजर आएंगे सैफ अली खान

**सैफ अली खान जल्द ही खाकी वर्दी में अपना 'कर्तव्य' निभाते नजर आएंगे। नेटफ्लिक्स की उनकी आगामी फिल्म 'कर्तव्य' की रिलीज डेट आज सामने आ गई है। टीजर के जारी होने के बाद से ही फैंस फिल्म का इंतजार कर रहे थे, अब आज मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट घोषित कर दी है।**


शाहरुख खान के प्रोडक्शन हाउस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के तले बनी पुलिस-ड्रामा फिल्म 'कर्तव्य' नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने आज एक पोस्ट के जरिए फिल्म की रिलीज डेट घोषित की है। जिसके तहत 'कर्तव्य' 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम करेगी। नेटफ्लिक्स ने फिल्म से सैफ अली खान का एक पोस्टर साझा किया। इसमें सैफ पुलिस की वर्दी में निराश नजर आ रहे हैं। उनके सामने आग जलती दिख रही है। इसके साथ ही कैप्शन में लिखा गया, 'कर्तव्य के इस चक्रव्यूह में हर फैसला एक इम्तिहान होगा।'

## ऐसी है कहानी

'कर्तव्य' की कहानी एक पुलिस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ऐसी दुनिया में अपना काम करने की कोशिश करता है जहां सही और गलत की कोई स्पष्ट परिभाषा नहीं है। जहां उसके सामने भावनात्मक और नैतिक दुविधाएं आती हैं, क्योंकि वह पेशेवर जिम्मेदारियों और व्यक्तिगत हितों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करता है। जैसे-जैसे खतरे बढ़ते हैं, अधिकारी खुद को अपनी सीमाओं तक धकेला हुआ पाता है और न्याय की कीमत और चुप्पी के परिणामों पर सवाल उठाने लगता है।

फिल्म का निर्देशन 'भक्षक' फेम पुलकित ने किया है। फिल्म में सैफ अली खान मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा रसिका दुगल, संजय मिश्रा, जाकिर हुसैन और मनीष चौधरी सरीखे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण शाहरुख खान की रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के तहक किया गया है। इसे प्रोड्यूस गौरी खान ने किया है। 'सेक्रेड गेम्स' की सफलता के बाद सैफ अली खान एक बार फिर पुलिस वाले किरदार में नजर आएंगे।



# हमारा स्ट्रगल फिल्म हिट होने के बाद भी खत्म नहीं होता

**एक्टर पुलकित सम्राट इस वक्त नई सीरीज 'ग्लोरी' को लेकर सुर्खियों में हैं। 'फुकरे' जैसी हिट फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे पुलकित ने कहा कि हिट देने के बाद भी स्ट्रगल खत्म नहीं होता और इसलिए उन्हें काम मांगने में कोई शर्म नहीं आती। उन्होंने स्ट्रगल के अलावा 'ग्लोरी' में रोल और उन खामियों पर बात की, जो दूर की हैं।**

'फिल्म इंडस्ट्री में स्ट्रगल के दौरान आपको लगता है कि सबसे मुश्किल काम पहला ब्रेक मिलना है, मगर मेरा यकीन मानिए उससे भी ज्यादा मुश्किल है लगातार काम मिलते रहना।' यह कहना है एक्टर पुलकित सम्राट का। फिल्म 'बिट्टू बॉस' से फिल्मी करियर शुरू करने वाले पुलकित ने अपने इस सफर में सुपरहिट 'फुकरे' फ्रेंचाइजी से लेकर 'डॉली की डोली' और 'पागलपंती' जैसी चर्चित फिल्मों से अपनी पहचान बनाई, मगर पुलकित का कहना है कि बॉलीवुड में काम पाने के लिए लगातार मेहनत करने रहनी पड़ती है।

पुलकित की नई वेब सीरीज 'ग्लोरी' सपनों और महत्वाकांक्षाओं पर आधारित है। ऐसे में, एक्टर बनने के अपने सपने को पूरा करने के लिए की गई जद्दोजहद को याद करते हुए पुलकित बताते हैं, 'इंडस्ट्री में हमारा कोई गॉडफादर नहीं था। हम आउटसाइडर थे और यहां अपनी जगह बनाना चाहते हैं, लेकिन जगह आप तभी बना पाएंगे, जब आपको कुछ काम मिलेगा। इसलिए, पहले तो वो काम मिलना जरूरी है। उस पर आपको लगता है कि सबसे मुश्किल चीज यह पहला काम मिलना ही है। आप सोचते हैं कि बस एक ब्रेक मिल जाए, लेकिन मेरा यकीन करिए कि आपको लगातार काम मिलते रहना सबसे मुश्किल चीज है और उसके लिए आपको मेहनत करते रहना पड़ेगा। आपको जाकर लोगों को खुद को बतौर प्रोडक्ट दिखाना पड़ेगा। वह बहुत जरूरी है।'

## काम मांगने में कोई शर्म नहीं है

'खुशकिस्मती से आज हमारे पास इतने प्लेटफॉर्म हैं कि कोई कलाकार ये बोले कि मुझे काम नहीं मिल रहा तो मेरे हिसाब से वो काम करना ही नहीं चाहता क्योंकि आज काम करने की बहुत सारी जगहें हैं। मैंने जब शुरुआत की थी, तब ऐसा नहीं था। आज बहुत सारे मंच हैं। बस आप घर से निकलिए, लोगों से बोलिए कि मुझे काम करना है। काम मांगिए और काम मांगने में कोई शर्म नहीं है, जो पहले मुझे लगता था कि मैं दिखा तो दिया। 'फुकरे' कर ली, फिल्म सुपरहिट हो गई, अब तो कल से लाइन लग जाएगी लेकिन कोई लाइन नहीं लगती। यह सच्चाई है। आपके लिए दरवाजे बेशक खुल जाते हैं पर उस दहलीज को पार करके अंदर जाना आपका काम है और मुझे लगता है कि सेट से ज्यादा काम सेट के बाहर रहता है।'

## मैं जैसा पहले था, उस पर गर्व नहीं

सीरीज में पुलकित अपने गुस्से पर काबू करने की कोशिश करते हैं। असल जिंदगी में उन्होंने अपनी किसी खामी पर जीत पाई है? यह पर उन्होंने बताया, 'मुझमें बहुत खामियां थीं। एक वक्त पर मैं अपने आप का एक ऐसा वर्जन था जिस पर मुझे आज बिल्कुल गर्व नहीं है। ऐसी बहुत सी चीजें थीं जो मुझे धीरे-धीरे समझ में आई। जब मैं घर से निकला, अकेले उड़ान भरनी शुरू की, ठोकरें खाई तब मुझे समझ आई कि जीने का ये सही तरीका नहीं है। शुरू में हमें ज्यादा समझ नहीं होती है। आप कभी मजाक में किसी को ऐसी बात बोल देते हैं जो शायद उसे बुरी लगे। आज समझ में आता है कि नहीं यार, मुझे ऐसे नहीं बोलना चाहिए था या मुझे सेट पर ऐसे बर्ताव नहीं करना चाहिए था या मैं इस सिचुएशन को बिना गुस्से के भी हैंडल कर सकता था। तब जब लोग आपको बोलते भी हैं न तो भी समझ में नहीं आता है, जब तक आपके पिछवाड़े पर लात नहीं पड़ती।'

## बॉक्सिंग ने सिखाया जिंदगी का सबक

सीरीज में बॉक्सर की भूमिका के लिए की तैयारी पर वह बताते हैं, 'इसमें मेरा किरदार एक प्रोफेशनल बॉक्सर का है, तो उसके लिए बहुत ज्यादा फिजिकल ट्रेनिंग करनी पड़ी। बॉक्सिंग को समझना पड़ा और जब मैंने ट्रेनिंग शुरू की, तब मुझे समझ आया कि बॉक्सिंग केवल फिजिकल नहीं है, यह एक माइंड गेम भी है। यह एक शतरंज के खेल की तरह है जहां आप रिंग में अपने विरोधी का दिमाग पढ़ रहे हैं। उनकी बॉडी लैंग्वेज समझ रहे हैं और मैं कहूंगा कि बॉक्सिंग ने मुझे ये सिखाया कि उन्हीं नियमों को अपनी असल जिंदगी में भी कैसे उतार सकते हैं और मुश्किल परिस्थितियों में उससे कैसे निकल सकते हैं। बॉक्सिंग ने मुझे यह सिखाया कि सिर्फ फिजिकली फिट दिखना काफी नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), एन-30 ऑफसेट रघुनाथपुर सेक्टर-22, नोएडा उत्तर प्रदेश से छपवाकर हाउस न.. - 52 , ग्रीनवुड -2 , सेक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, 201308 से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949)
(समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है। ई-मेल-noida.morningcity@gmail.com।